

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • सोमवार • 02 मार्च 2026 • वर्ष 27 • अंक 91 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,58,650 | ₹ 2,95,000 |

## आज का इतिहास

**1996 :** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज, सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट विश्व कप में SL के खिलाफ 137 रन बनाए। लेकिन भारत मैच में हार गया।

**1949 :** भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली तथा 'भारत कोकिला' के नाम से मशहूर सरोजिनी नायडू का निधन।

## न्यूज बाइट्स

### अमेरिका-ईरान जंग : पेट्रोल-डीजल 10-12 रुपए तक हो सकते हैं महंगे

**नई दिल्ली (ए.)।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90% तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है।

### नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर बधाइयों की बौछार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। पटना से लेकर उनके पैतृक गांव नालंदा जिले के कल्याण बीघा तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर नीतीश कुमार को दूरदर्शी और प्रगतिशील नेता बताया। उन्होंने लिखा कि नीतीश कुमार ने वर्षों तक बिहार की तरक्की के लिए सतत प्रयास किया है और उनकी विकास योजनाओं का व्यापक प्रभाव दिखा है।

नई नवेली दुल्हन की मांग का उजड़ा सिंदूर, तीन की हालत गंभीर

# शौचालय टंकी में दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत



निज संवाददाता | हाजीपुर(वैशाली)

सराय थाना क्षेत्र के अनवरपुर गांव में रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जहां शौचालय के सोखता टैंक से निकली जहरीली गैस ने एक ही परिवार के चार लोगों की जान ले ली। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि टैंक के भीतर सफाई या मरम्मत का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अंदर जमा जहरीली गैस के कारण एक व्यक्ति बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे बचाने के प्रयास में परिवार के अन्य सदस्य भी एक-एक कर टैंक के अंदर उतरते चले गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान आनंद कुमार, उनके पुत्र राहुल कुमार तथा आनंद के दो भाइयों पंकज कुमार और एक अन्य सदस्य के रूप में हुई है। इस घटना की सबसे मार्मिक कड़ी राहुल कुमार की मौत है। राहुल की शादी महज 24 फरवरी को ही हुई थी। घर में शादी की खुशियां अभी थमी भी नहीं थीं कि एक सप्ताह के भीतर ही दूल्हे की मौत ने पूरे परिवार को शोक में डुबो दिया।

हादसे में तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलस गए या बेहोश हुए, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीएम रामबाबू बैठा और लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार टैंक के भीतर मीथेन या कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस जमा थी, जिससे ऑक्सीजन की कमी हो गई और दम घुटने से मौतें हुईं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अनवरपुर गांव में इस समय गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है।

## सड़क हादसा : बस-ट्रक की टक्कर में तीन की हुई मौत, 12 से अधिक घायल



निज संवाददाता | कैमूर

जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में एनएच-19 पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में यात्रियों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में वाराणसी के चितईपुर थाना क्षेत्र निवासी अरुण कुमार की 9 वर्षीय बेटी दीक्षिता कुमारी तथा वाराणसी के भूलनपुर निवासी आभा रानी की पहचान हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना में एक नौ वर्षीय बच्ची का हाथ कटकर ट्रक में फंस गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस जमशेदपुर से वाराणसी जा रही थी और उसमें करीब 70-75 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग 4:30 बजे बस मोहनिया की ओर बढ़ रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक अचानक डिवाइडर पार कर बस से जा टकराया। बस चालक ने वाहन को बचाने की पूरी कोशिश की, जिसके कारण बस का केबिन हिस्सा अपेक्षाकृत सुरक्षित रहा, लेकिन पिछला और ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार यात्री बुद्धि सागर पांडे ने बताया कि रात करीब 3 बजे बस एक ढाबे पर रुकी थी, जहां कुछ यात्रियों ने चाय पी। इसके बाद बस लगभग तीन किलोमीटर ही आगे बढ़ी थी कि यह हादसा हो गया।

# प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ



एजेंसी | चेन्नई/मदुरै

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु के दौरे के दौरान कुल 7,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुडुचेरी में होना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह सिद्ध संतों, कवियों और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है। यहीं पर महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने राष्ट्रवाद की लौ जलाई थी। यहां से श्री अरबिंदो और माता ने पूरी दुनिया को एक नया आध्यात्मिक विजन दिया।

उन्होंने कहा, "जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने 'बीईएसटी पुडुचेरी' का मंत्र दिया था। 'बीईएसटी' का मतलब है 'बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म'। पिछले साढ़े चार साल में यह विजन रंग लाया है और पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं।"

पीएम मोदी ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़ोतरी दिखाई है। इसने देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर भी हासिल किया है। अब, डबल इंजन वाली एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी। आज 2700 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया जा रहा है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पूरे भारत में उच्च-गुणवत्ता वाला बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपए अलग रखे हैं। इससे पुडुचेरी के लोगों को भी फायदा होगा। हमने पुडुचेरी को पूंजी निवेश योजना के लिए राज्यों को विशेष सहायता के तहत शामिल किया, जो पहले सिर्फ राज्यों के लिए खुली थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट।

पीएम मोदी ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कराईकल के एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, जेआईपीएमईआर में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के आधुनिकीकरण व पांडिचेरी विश्वविद्यालय के नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया। उन्होंने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा, पुडुचेरी क्षेत्र के निवासियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने व जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से अलग-अलग जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 41 ग्रामीण सड़कों के निर्माण, पुडुचेरी में हेरिटेज टाउन (विरासत शहर) के विकास और मिष्टी (मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटैट्स एंड टैंजिबल इनकम) योजना के अंतर्गत मैंग्रोव संरक्षण कार्यों का शिलान्यास किया गया।

धान अधिप्राप्ति को मिलेगी रफ्तार

# भारत सरकार ने फोर्टीफाइड चावल की अनिवार्यता की खत्म

निज संवाददाता | पटना



किसानों और खाद्य उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारत सरकार ने फोर्टीफाइड राइस यानी पोषणयुक्त चावल की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। इस फैसले से धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने इसे किसानों के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। मंत्री ने कहा कि फोर्टीफाइड चावल योजना के तहत सामान्य चावल में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाकर उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता था। हालांकि इसकी अनिवार्यता के कारण व्यावहारिक स्तर पर कई समस्याएं सामने आ रही थीं। विशेष रूप से फोर्टीफाइड चावल की सीमित उपलब्धता के चलते धान अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही थी। मिलरों को समय पर फोर्टीफाइड चावल तैयार करने में कठिनाई हो रही थी, जिससे खरीद और सार्वजनिक वितरण प्रणाली दोनों में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। लेशी सिंह ने बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस अनिवार्यता को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसका आधिकारिक पत्र राज्य सरकार को प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति की समय सीमा 28 फरवरी से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

इस निर्णय से उन किसानों को विशेष राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा तक अपना धान नहीं बेच सके थे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से खरीद केंद्रों पर दबाव कम होगा और भुगतान प्रक्रिया भी अधिक सुचारु ढंग से पूरी की जा सकेगी। अतिरिक्त समय मिलने से किसान अपनी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित कर पाएंगे और राज्य का अधिप्राप्ति लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सकेगा। राजनीतिक और कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह निर्णय व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अब सभी की नजर इस बात पर रहेगी कि बढ़ी हुई समय सीमा औ

डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो में उमड़ी भीड़, विकास आयुक्त कहा

# औद्योगिक विकास की राह पर आगे बढ़ रहा बिहार

निज संवाददाता | पटना

गांधी मैदान में आयोजित डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2026 के चौथे दिन रविवार को दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। औद्योगिक स्टॉल, सरकारी योजनाओं की जानकारी और तकनीकी नवाचारों ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। बिहार उद्योग संघ और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने भाग लिया। उन्होंने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार तेजी से औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और राज्य में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों से राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

मेले का प्रमुख आकर्षण बेगूसराय की गंगा डेयरी निजी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित रसगुल्ला खाओ प्रतियोगिता रही। महिला और पुरुष वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और मेले में उत्साह का माहौल बना दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत कला एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने लोक एवं आधुनिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की टीम द्वारा प्रस्तुत हरि कीर्तन से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। 26 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह उद्योग मेला 2 मार्च तक चलेगा। आयोजकों को अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में आगंतुकों के पहुंचने की संभावना है।

# वेलफेयर स्टाम्प शुल्क दोगुना, अब शपथ पत्र पर 50 रुपये देने होंगे

निज संवाददाता | पटना



राज्य सरकार ने शपथ पत्र पर लगने वाले वेलफेयर स्टाम्प शुल्क में वृद्धि कर दी है। अब शपथ पत्र के लिए 25 रुपये के बजाय 50 रुपये का वेलफेयर स्टाम्प देना होगा। इस संबंध में 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार अधिवक्ता कल्याण निधि की धारा 22 की उपधारा (1) में संशोधन किया गया है। यह बदलाव राज्य में अधिवक्ताओं के कल्याण को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। सरकार का कहना है कि वेलफेयर स्टाम्प से प्राप्त राशि अधिवक्ता कल्याण निधि में जमा होती है, जिसका उपयोग अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है। संशोधन लागू होने के बाद अब राज्यभर में शपथ पत्र बनवाने वाले लोगों को 50 रुपये का वेलफेयर स्टाम्प शुल्क अदा करना होगा।

### बिना एक्टिव सिम के नहीं चलेंगे वॉट्सऐप और टेलीग्राम

**नई दिल्ली (ए.)।** मैसेजिंग एप्स के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एप्स तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है। इसके अलावा अगर आप कंप्यूटर पर वॉट्सएप जैसे एप्स चलाते हैं तो लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। पहले ये एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक चलता था। अक्सर साइबर अपराधी सिम निकालकर केवल वाई-फाई के जरिए मैसेजिंग एप्स का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करते थे। अब सिम हटते ही ऐप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

# डीएलएड नामांकन के लिए तृतीय चयन सूची छह मार्च को

- समय पर शुल्क जमा नहीं करने पर नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने राज्य के गैर-सरकारी डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025-27 के नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची जारी करने की घोषणा की है। समिति के अनुसार यह सूची 6 मार्च को आधिकारिक पोर्टल https://www.bsebdeled.com पर अपलोड की जाएगी। चयन सूची जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 9 मार्च तक चलेगी। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 के आधार पर पहले सरकारी संस्थानों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इसके बाद गैर-सरकारी संस्थानों के लिए प्रथम एवं द्वितीय चयन सूची जारी कर दो चरणों में नामांकन कराया गया। अब शेष रिक्त सीटों और पात्र अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन तथा संस्थान विकल्पों के आधार पर तृतीय चयन सूची तैयार की गई है।

अभ्यर्थी चयन सूची को अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से देख और डाउनलोड कर सकेंगे। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन लेना अनिवार्य होगा। समय पर नामांकन नहीं लेने पर संस्थान आवंटन स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने प्रथम या द्वितीय चयन सूची में केवल 3,000 रुपये की सुरक्षा राशि जमा कर नामांकन लिया था, उन्हें 9 मार्च तक प्रथम वर्ष की शेष शुल्क राशि जमा करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर उनका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। समिति ने सभी गैर-सरकारी संस्थानों के प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे नामांकन प्रक्रिया का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। नामांकन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी deledhelpdesk1@gmail.com पर ई-मेल या समिति के निर्धारित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

इधर, मैट्रिक वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सोमवार से प्रारंभ होगा, जो 13 मार्च तक चलेगा। पटना जिले में इसके लिए 12 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी कर्मियों को सुबह आठ बजे तक निर्धारित केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में 15 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू

# आज से बिना ओटीपी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, सरकार का सख्त आदेश लागू

एजेंसी | नई दिल्ली



घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने गैस सिलेंडर की डिलीवरी के लिए वन टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी को अनिवार्य कर दिया है। अब बिना ओटीपी बताए किसी भी उपभोक्ता को एलपीजी सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। इस फैसले को पारदर्शिता बढ़ाने और कालाबाज़ारी पर लगाम लगाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्थानों पर कागज़ों में डिलीवरी पूरी दिखा दी जाती थी, जबकि वास्तविक उपभोक्ता तक सिलेंडर नहीं पहुंचता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत जैसे ही उपभोक्ता गैस सिलेंडर बुक करेगा, उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। डिलीवरी कर्मी जब सिलेंडर लेकर घर पहुंचेगा, तब उपभोक्ता को वही ओटीपी बताना होगा। सिस्टम में ओटीपी का मिलान होने के बाद ही डिलीवरी को अंतिम रूप से दर्ज किया जाएगा। यदि ओटीपी उपलब्ध नहीं कराया गया तो डिलीवरी निरस्त कर दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस कदम से फर्जी डिलीवरी, बिचौलियों की मनमानी और गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री पर सख़्त रोक लगेगी। प्रत्येक सिलेंडर की आपूर्ति अब डिजिटल रूप से दर्ज होगी, जिससे जवाबदेही तय करना आसान होगा और उपभोक्ताओं को वास्तविक लाभ मिलेगा। हालांकि कुछ उपभोक्ताओं ने चिंता जताई है कि जिनके पास पंजीकृत मोबाइल नंबर नहीं है या जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या रहती है, उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में कंपनियों से वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठ रही है। कुल मिलाकर रसोई गैस की आपूर्ति अब पूरी तरह डिजिटल सत्यापन के दायरे में आ गई है। स्पष्ट है कि अब सिलेंडर उसी उपभोक्ता को मिलेगा, जो ओटीपी के माध्यम से अपनी पहचान सुनिश्चित करेगा।

# सीबीएसई ने मिडिल ईस्ट में 10वीं-12वीं की परीक्षाएं की स्थगित

- तीन मार्च को होगी समीक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को मध्य पूर्व के कुछ देशों में अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि क्षेत्र में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम एहतियातन उठाया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में संचालित सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों में निर्धारित तिथियों पर होने वाली परीक्षाएं फिलहाल टाल दी गई हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों और स्कूल प्रशासन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए मौजूदा हालात सामान्य होने तक परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएंगी। सीबीएसई ने यह भी जानकारी दी है कि 3 मार्च 2026 को स्थिति की पुनः समीक्षा की जाएगी। उस दिन क्षेत्रीय परिस्थितियों का आकलन कर नई परीक्षा तिथियों की घोषणा की जा सकती है। बोर्ड ने संबंधित स्कूलों और विद्यार्थियों से आधिकारिक वेबसाइट और संचार माध्यमों पर जारी सूचनाओं पर नजर बनाए रखने की अपील की है।

बोर्ड के इस फैसले से हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों को अस्थायी राहत मिली है, हालांकि परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव को लेकर असमंजस की स्थिति भी बनी हुई है। सीबीएसई ने आश्वासन दिया है कि संशोधित कार्यक्रम इस प्रकार तय किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी और भविष्य प्रभावित न हो।

अमित शाह के दौरे के बाद सुरक्षा एजेंसियां सख्त

# भारत–नेपाल सीमा पर गायब पिलरों की होगी खोज, अतिक्रमण भी हटेगा

निज संवाददाता | मोतिहारी



भारत और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गायब सीमा पिलरों की खोज और सीमांकन को लेकर संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। आगामी 15 मार्च से भारतीय सर्वेक्षण विभाग और नेपाल सर्वेक्षण विभाग की टीमें मिलकर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ करेंगी। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल और जिला प्रशासन की टीमें भी सहयोग करेंगी। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ को लेकर चिंता जताई गई थी। समीक्षा बैठक में सीमा से सटे 10 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण हटाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद सीमा क्षेत्र में गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सर्वेक्षण के दौरान मूल मानचित्र के आधार पर सीमा की वर्तमान स्थिति का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। जिन स्थानों पर सीमा पिलर गायब हैं, उन्हें चिन्हित कर पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

साथ ही सीमा क्षेत्र में हुए अतिक्रमण की पहचान कर उसे हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। पूर्वी चंपारण जिले से नेपाल की लगभग 120 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगी हुई है। बीते 17 फरवरी को प्रशासनिक अधिकारियों और सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इसके बाद घुसपैठ रोकने के लिए रणनीति तैयार की गई। वर्तमान में सभी चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# होली एवं रमजान को लेकर कौआकोल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

## होली के रंग में भंग डालने वालों पर प्रशासन करेगी सख्त कार्रवाईः एसडीओ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल**। कौआकोल थाना परिसर में रविवार को होली एवं रमजान के दौरान प्रखंड क्षेत्र में शांति,भाईचारा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने आपसी सौहार्द और शांति के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि होली और रमजान दोनों पर्व आपसी प्रेम सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने आम नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे बजाने वाले पर डीजे,वाहन जब्ती के साथ साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों,अश्लील गीत बजाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने बताया कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही अशांति फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शराबबंदी कानून का उल्लेख करते हुए चेतावनी दी कि चोरी-छिपे शराब बेचने,सेवन करने या नशे में अभद्र व्यवहार करने वालों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। बैठक में उपस्थित लोगों से अधिकारियों ने क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। बैठक में सभी ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के बाद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। मौके पर बैठक में पकरीबरावां पुलिस निरीक्षक प्रशान्त कुमार, सीओ मनीष कुमार, पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद, रामबालक यादव, मुकुल सिंह, अरुण यादव, संतोष कुमार, सत्येन्द्र कुमार यादव, राहुल शुक्ला, उमेश साव, सूरज कुमार, राजीव रंजन, बिनोद यादव, प्रदीप पासवान, नवल पासवान,छोटू मियां, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# होली पूर्व शराब माफियाओं पर पुलिस का प्रहार, परतापुर से शराब लदी कार जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ सतगीर के जंगलों में भी बड़ी बरामदगी

**रजौली**। आगामी होली त्योहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने और मद्य निषेध कानून को कड़ाई से लागू करने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के दौरान पुलिस को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। पुलिस की इस सक्रियता ने क्षेत्र के शराब तस्करों और अवैध धंधेबाजों के बीच हड़कंप मचा दिया है।

अभियान के दौरान पहली बड़ी कार्रवाई परतापुर क्षेत्र में देखने को मिली, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध सफेद रंग की आई टेन कार पंजीकरण संख्या बीआर 05 डब्लू 6753 को रोका। पुलिस को देखते ही धंधेबाज वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे, लेकिन जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें से 420 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने वाहन और शराब को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया है। हालांकि धंधेबाज मौके से फरार हो गए हैं, लेकिन थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि उनकी पहचान कर ली गई है और जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे।इसी अभियान के दूसरे चरण में पुलिस बल ने गुप्त सूचना के आधार पर सतगीर के दुर्गम जंगली इलाकों में छापेमारी की। सघन तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 150 लीटर देशी शराब बरामद की गई। यहां भी संलिप्त धंधेबाजों को चिन्हित कर लिया गया है, जिनके विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि होली के पावन अवसर पर हुड़दंग करने वालों या अवैध शराब का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की यह छापेमारी निरंतर जारी रहेगी ताकि आम नागरिक निर्भीक होकर और शांतिपूर्ण वातावरण में रंगों का यह त्योहार मना सकें।



थाना परिसर में बरामद शराब व जब्त कार

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**केसरिया, पू.च**। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को केसरिया एवं बिजधरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। केसरिया थाना में हुई बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। संबोधित करते हुए डीएसपी संतोष कुमार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। इसे शांति व सद्भाव के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ मर्यादित ढंग से होली मनाने की अपील की। साथ ही हुड़दंग, जबरन रंग लगाने तथा नशे में उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। बीडीओ कुमुद कुमार ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस निरीक्षक निक्कू कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। वहीं बिजधरी थाना में थानाध्यक्ष सीमा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें उपस्थित लोगों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की गई।

### ईश्वरीय विश्व विद्यालय में अलौकिक होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**केसरिया, पू.च**। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केसरिया स्थित सेवा केंद्र में रविवार को अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजद नेता विनोद कुमार गुप्ता, देवालाल यादव सहित बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भाग लेकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। आध्यात्मिक गीतों और प्रेरक विचारों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। सेवा केंद्र प्रभारी बीके मनोरमा बहन ने अलौकिक होली की महत्ता बताते हुए कहा कि यह पर्व आत्मा की शुद्धि, नकारात्मक संस्कारों के दहन और ईश्वर से सच्चे प्रेम के रंग में रंगने का अवसर है। सच्ची होली तब होती है जब मन के विकार समाप्त होकर जीवन में सद्गुणों का संचार हो। समारोह के समन्वयक बीके विनोद कुमार ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है। समारोह में बीके पवन भाई, बीके अमृता बहन, बीके वंदना बहन, बीके शिरस्ती बहन, बीके बिपिन भाई, शिवपूजन भाई, बीके परमेश्वर भाई, बीके रामनाथ भाई, जगरनाथ भाई, शैलेंद्र भाई, बीके सुधीर भाई, बीके जयप्रकाश भाई, बीके प्रभुनाथ भाई, बीके अशर्फी भाई, सृष्टि बहन, बीके शिव भाई, बीके जयनारायण भाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त आर्मी जवान अरुण कुमार दुबे का नागरिक अभिनंदन

**केसरिया, पू.च**। देश सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए आर्मी जवान अरुण कुमार दुबे के सम्मान में क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जैसे ही जवान सेम्भुआपुर चौक पर पहुंचे, पहले से मौजूद सैकड़ों लोगों ने ढोल-नगाड़े, सिंघा, देशभक्ति गीत और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जोरदार स्वागत किया। भारत माता की जय के नारों के बीच उन्हें फूल-माला, अंग वस्त्र और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। लोगों का काफिला राष्ट्रीय राजमार्ग 27 होते हुए रामपुर खजुरिया चौक पहुंचा जहां फिर से सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद जैसे ही काफिला उनके पैतृक गांव रामपुरवा पहुंचा हजारों ग्रामीणों ने वंदे मातरम् के जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। सभी ने उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र के प्रति योगदान को सलाम किया। यह आयोजन जवान के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक यादगार पल बन गया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के रामपुर खजुरिया पंचायत अंतर्गत रामपुरवा गांव निवासी स्व. बाबूलाल दुबे के पुत्र अरुण कुमार दुबे की पहली पोस्टिंग वर्ष 1998 में राष्ट्रपति भवन में हुई थी। इसके बाद उन्होंने कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राष्ट्रीय राइफल के तहत त्रिवेंद्रम में नेवी के साथ संयुक्त अभियान में भी हिस्सा लिया। उन्होंने भूटान, अमरनाथ, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के नाथुला बॉर्डर पर सेवा दी। इसके अलावा बिहार के गोपालगंज स्थित सैनिक स्कूल में भी उनकी सेवा सराहनीय रही। अंततः 28 वर्षों की सेवा के बाद वे अरुणाचल प्रदेश के तवांग से सेवानिवृत्त हुए। मौके पर पूर्व सरपंच पं. सुदामा तिवारी, मुक्ति मिश्र, शंभूनाथ मिश्र, कृष्णकांत मिश्र, चंदेश्वर सिंह, अमित सिंह, चंद्रकेत नारायण मिश्र, उपेन्द्र मिश्रा, मुन्नाशंकर मिश्र, फुलेना मिश्र, संटु साह, एलपी मिश्र, नागेंद्र राय, बिक्की दुबे, बच्चा गिरी, विजय दुबे, दीपू दुबे, भागेश्वर राय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरकारी राशन की कालाबाजारी मामले में पीडीएस दुकानदार सुरेश राम गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी और स्टॉक में भारी हेराफेरी के आरोपी जन वितरण प्रणाली विक्रेता सुरेश राम को रजौली पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि खदान कालाबाजारी के आरोपित जन वितरण प्रणाली दुकानदार सुरेश राम, पिता स्वर्गीय बाल किशुन राम, ग्राम-महसई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में दर्ज रजौली थाना कांड संख्या-519/25 के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।इस पूरे प्रकरण की शुरुआत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता द्वारा दुकान के औचक निरीक्षण से हुई थी।जांच के दौरान ई-पॉश मशीन के डिजिटल रिकॉर्ड और गोदाम में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक के बीच भारी विसंगति पाई गई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपित पीडीएस दुकानदार

सरकारी दस्तावेजों और मशीन के रिकॉर्ड के अनुसार,दुकान में कुल 201.71 क्विंटल चावल और 12.02 क्विंटल गेहूं का स्टॉक होना चाहिए था। लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में मात्र 400 किलोग्राम चावल और महज 5 किलोग्राम गेहूं ही पाया गया। इस प्रकार कुल 209.69 क्विंटल सरकारी खाद्यान्न का स्टॉक कम पाया गया, जो सीधे तौर पर गरीबों के हक के अनाज की कालाबाजारी की ओर इशारा करता है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी रजौली द्वारा विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा गया था और तीन दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, आरोपी विक्रेता द्वारा अपना बचाव करने या कोई संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर, अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम -1955 की धारा-7 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई ने क्षेत्र के अन्य भ्रष्ट विक्रेताओं के बीच हड़कंप मचा दिया है। पुलिस का कहना है कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# संत टेरेसा इंग्लिश स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव धूम -धाम से सम्पन्न

## बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। शिक्षा के साथ संस्कार और प्रतिभा के समन्वय का अद्भुत नजारा उस समय देखने को मिला जब संत टेरेसा इंग्लिश स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव समारोह नगर परिषद क्षेत्र स्थित दरियापुर रोड में विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह धूमधाम एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक मंच सज्जा और उत्साह से लबरेज बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सव में तब्दील कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान पार्षद प्रो. नवलकिशोर यादव, नागेंद्र शर्मा एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी तथा विद्यालय के निदेशक अनूप थॉमस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में स्वागत गान की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, समूह गीत, लघु नाटक, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति पर अभिभावक झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंजता रहा।

मुख्य अतिथि प्रो. नवलकिशोर यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संत टेरेसा इंग्लिश स्कूल ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि मात्र 16 वर्षों में विद्यालय ने जिस तरह शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त करना विद्यालय परिवार की बड़ी उपलब्धि है, जो क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर अवसर प्रदान कर रही है।

नागेंद्र शर्मा एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने भी बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों को सराहते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बड़ी भागीदारी रही। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मेलवीन पॉल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें सहित सैकड़ो की संख्या में अविभावक मौजूद थे।

# पकरीबरावां यदुवंशी जागृति एकता मंच के द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ प्रखंड के विभिन्न गांव एवं क्षेत्र से सभी वर्ग जाति समुदाय के लोगों ने मिलजुलकर रंग गुललगाकर आपसी भाईचारा का संदेश देने का काम किया

**पकरीबरावां**। यदुवंशी जागृति मंच पकरीबरावां के द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय में होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांव एवं क्षेत्र से सभी वर्ग जाति समुदाय के लोगों ने मिलजुलकर रंग गुललगाकर आपसी भाईचारा का संदेश देने का काम किया । होली मिलन समारोह में एक दूसरे को उत्साह के साथ गुलाल लगाया साथ ही शेखपुरा जिला के यादव एकता मंच चोरबर के दर्जनों सदस्य एवं क्षेत्र के दर्जनों सम्मानित लोगों को अंगवस्त्र देकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। में मुख्य वक्ता यदुवंशी जागृति एकता मंच के दिनेश यादव संजय यादव प्रमोद यादव काजू यादव भुट्टू यादव विजय यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा की हर गांव के लोग रंगों का त्यौहार होली प्रेम भाईचारा के साथ शांतिपूर्वक मनाएं आपसी प्रेम को बढ़ाने का प्रयास करें ताकि समाज में किसी प्रकार का भेदभाव एवं कटुता का माहौल उत्पन्न नहीं हो सके यदुवंशी जागृति एकता मंच पकरीबरावां ने समाज के खासकर युवाओं को नशाखोरी से दूर रहकर बच्चों को शिक्षा देने पर विशेष बल देते हुए सामाजिक व्यवहार समाज में प्रेम आदर्श तथा सम्मान देने एवं सम्मान लेने की नसीहत देते हुए कहा जब तक शिक्षित नहीं होंगे तब तक जागरूक नहीं हो सकते हैं शिक्षा की जागरूकता से ही समाज का विकास संभव है। समाज में जागरूकता लाने के लिए यदुवंशी जागृति एकता मंच के प्रयास को एकजुट होकर जागरूकता लाने का जरूरत है होली मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के हर लोगों का सहयोग का आभार व्यक्त करते हुए मंच के सभी लोगों ने उपस्थित आगंतुकों को होली महापर्व के अवसर पर सबों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए समारोह का समापन किया । मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश कुमार मंटन सिंह पूर्व विधायक प्रदीप महतो वर्तमान विधायक पति अशोक महतो रामबालक यादव जिला परिषद सदस्य नीतीश राज कौवाकोल का विकास सम्राट प्रखंड के लक्ष्मण यादव बलराम यादव प्रकाश यादव जयराम यादव रामबली यादव विनोद यादव दीपू यादव साधु यादव सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे

# जदयू नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी**। शहर के निजी मैरेज हॉल में जिला जदयू के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव हेतु सभी डेलिगेट सदस्यों की एक बैठक जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिद्वार राय पटेल की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कबिन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद,कुणाल पटेल, जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव,बबन कुशवाहा,शर्मानंद सहनी, शोभा सिंह,शाहजाद खान,तफज्जुल हुसैन, त्रिभुवन गुप्ता, सुबोध कुशवाहा, कौशल ठाकुर,अजय कुमार प्रजापति सहित 29 लोगों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।सभी उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया। इसके बाद सभी उम्मीदवारों ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के चुनाव हेतु जदयू के शीर्ष नेतृत्व को अधिकृत कर दिया।



इसके बाद यहां उपस्थित सभी लोगों ने केक काटकर बिहार के विकास पुरुष लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव का परिचय दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक शालिनी मिश्रा, विधायक सह कार्यकारी जिलाध्यक्ष विशाल कुमार शाह, जिलाध्यक्ष मंजू देवी, पूर्व मंत्री विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद औबेदुल्ला, रजिया खातून, दीपक पटेल, ब्रजेश श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह, व्यासप्रसाद सिंह अमरेन्द्र सिंह, रंजन सिंह पटेल,रविन्द्र दुबे,कौशल सिंह, मनोज तिवारी अमरनाथ गुप्ता चुन्नू सिंह धीरज चंद्रवंशी वीरेंद्र राय पटेल देवेंद्र साहनी सरफराज आलम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# जे एच मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने 11वीं वर्षगांठ पर प्रतिभाओं को दिया मंच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी**। प्रखंड के तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत स्थित नाय टोला में शिक्षा का उत्सव देखने को मिला, जब जे एच मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने अपनी 12 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम केवल सालगिरह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बच्चों की प्रतिभा, अभिभावकों की जागरूकता और शिक्षा के प्रति सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया।

समारोह का उद्घाटन पूर्व गन्ना मंत्री सह हरसिद्धि विधायक कृष्ण नंदन पासवान सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच पर मुखिया रामजन्म पासवान, पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख संजय सिंह, मोहम्मद कौसर, रविन्द्र सिंह, पत्रकार अजय सिंह, रविंद सिंह एवं टुनटुन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। नन्हे कलाकारों की प्रस्तुति ने अभिभावकों और अतिथियों को भावुक कर दिया। विद्यालय परिवार की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान दी। साथ ही शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर शशि भूषण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा की अलख जगाना है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। प्रिंसिपल सतेंद्र सहवाग ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में स्कूल ने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार किया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और दूर-दराज से आए अतिथि मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के पैतृक गांव में मना जन्मोत्सव, पटना से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थक



**नालंदा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर आज उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में उत्सव का माहौल रहा। 'राष्ट्रीय लव-कुश सेवा मिशन' के देखरेख में इस दिन को 'विकास दिवस' के रूप में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। पटना स्थित सप्त मूर्ति विधानसभा के सामने से शुरू हुआ सैकड़ों गाड़ियों का काफिला मुख्यमंत्री की जन्मभूमि पहुंचा, जहां समर्थकों ने उनके माता-पिता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी, राम लखन सिंह और पत्नी मंजु सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कल्याण बिगहा स्थित देवी स्थान में देव पूजा और विशेष होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और समर्थकों ने पारंपरिक होली गीत गाए और मुख्यमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु होने की मंगल कामना की। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जिस प्रकार महापुरुषों जेपी, लोहिया और कर्पूरी ठाकुर का जन्मदिन मनाया जाता है, उसी प्रकार नीतीश कुमार के जन्मदिन को भी 'विकास दिवस' के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस गरिमामयी अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय संयोजक राजीव रंजन पटेल ने एक बड़ा बयान देते हुए मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार को राजनीति में लाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि बिहार का जनमानस और युवा चाहते हैं कि एक सादगी पसंद इंजीनियर और शिक्षित नौजवान पार्टी और भविष्य में बिहार की बागडोर संभाले। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि जहां अन्य मुख्यमंत्रियों के बेटे हवाई जहाज में जन्मदिन मनाते हैं, वहीं निशांत कुमार वृंदावन में टोटो से दर्शन करते देखे जाते हैं। उन्होंने निशांत कुमार को राज्यसभा भेजने की भी दिली इच्छा व्यक्त की। लव-कुश सेवा मंच के प्रदेश महासचिव संतोष कुशवाहा और आयोजक संजय कांत ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने बताया कि पटना से भारी संख्या में साथी यहां आभार प्रकट करने आए हैं कि उन्होंने बिहार को ऐसा 'विकास पुत्र' दिया जिसके कारण आज पूरा प्रदेश खुशहाल है। कार्यक्रम में संतोष कुशवाहा, संजय कांत, धीरज, शकील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भोजपुरी सिंगर के इवेंट में 20 राउंड फायरिंग, 3 घायल, नालंदा में बाउंसर्स और गेस्ट के सुरक्षाकर्मियों में भिड़ंत



**नालंदा।** नालंदा में 'रंग बरसे होली मिलन समारोह' में दौरान फायरिंग हुई है। इसमें एक पत्रकार समेत 3 लोग जख्मी हुए है। कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद के बाद भोजपुरी गायक रोशन रोही के बाउंसरों और कुछ मेहमानों के सुरक्षाकर्मियों ने खुलेआम फायरिंग कर दी। इस दौरान रोड़ेबाजी भी की गई। घटना बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटपुरा गांव स्थित स्मार्ट सिटी वाटर पार्क का है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गायक रोशन रोही समेत मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, कितने लोग अरेस्ट हुए है, पुलिस ने अभी ये क्लीयर नहीं किया है। घायल पत्रकार ऋषिकेश ने बताया कि, 'वे होली मिलन कार्यक्रम के निमंत्रण पर वाटर पार्क पहुंचे थे। उनके पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। सड़क से ही गोलीबारी शुरू हो गई थी। जैसे ही मैंने मोबाइल निकालकर वीडियो बनाना चाहा, स्थानीय लड़कों और बाउंसरों की भीड़ ने मुझ पर हमला कर दिया। उन्होंने मेरे दोनों मोबाइल छीन लिए और जमकर रोड़ेबाजी की। करीब 15 से 20 राउंड फायरिंग की आवाज सुनाई दी। मौके से किसी तरह से अपनी जान बचा कर भागा हूं। अगर मैं नहीं भागता तो मेरी मौत हो जाती।' बासोचक गांव के रहने वाले घायल सुबेलाल कुमार ने बताया कि वह अपने खेत से काम कर लौट रहे थे। इसी दौरान पार्क में गोली चल रही थी। अचानक एक गोली मेरे पैर में लग गई। सदर डीएसपी-वन नूरुल हक ने बताया कि घायलों में पत्रकार ऋषिकेश, एक 19 साल का युवक और एक गाड़ी का ड्राइवर शामिल है, जिसके सिर पर चोट आई है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। सदर डीएसपी नूरुल हक ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह 'अनधिकृत' था और इसका कोई लाइसेंस नहीं लिया गया था। डीएसपी ने पुष्टि की कि गायक के बाउंसरों और कुछ मेहमानों के निजी सुरक्षाकर्मियों की ओर से फायरिंग की गई है। पुलिस ने मौके से चार हथियार बरामद किए हैं और तीन क्षतिग्रस्त गाड़ियों को जब्त किया है। घटना के बाद पुलिस ने वाटर पार्क की घेराबंदी कर दी है।

**पुलिस ने की घेराबंदी, आरोपियों की धरपकड़ जारी:** डीएसपी नूरुल हक ने कहा कि हमने गायक रोशन रोही को पकड़कर थाने भेज दिया है। मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और वाटर पार्क के अंदर मौजूद हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की जा रही है। बाहर से आए गाड़ी और बाउंसरों की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साक्ष्य संकलन के साथ-साथ अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# कुजेशर में फगुआ की गूंज: होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

- ♦ सुरों पर थिरका गांव
- ♦ फगुआ के रंग में रंगल कुजेशर : लक्ष्मी प्रियदर्शी के गीतों पर झूम उठा पंचायत भवन





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कुजेशर पंचायत के स्थानीय पंचायत भवन में रविवार को होली मिलन समारोह के अवसर पर एक भव्य एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय मुखिया अजीत उर्फ पिंटू कुमार दांगी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। रंग, गुलाल और आपसी भाईचारे की अनुपम छटा के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे पंचायत क्षेत्र को उत्सव और उल्लास के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकार लक्ष्मी प्रियदर्शी ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके सुरों की मिठास, भावपूर्ण गायन और जीवंत प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह होलीमय बना दिया। मंच से उन्होंने होली के रंग में डूबी कुछ पंक्तियां भी प्रस्तुत कीं, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया—"अइले हो फगुआ रंग बरसावे, भींज गईल अंगनवा सारा, पिया संग खेले रंग गुलाल, सजल आज कुजेशर द्वारा। ढोलक बाजे, मंजीरा गूंजे, हंसी से महके हर दुआर,

होली के रंग में रंगल गाँव, प्यार बाँटे हर परिवार। इन पंक्तियों के साथ पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग गीतों की धुन पर थिरकते नजर आए, मानो पूरा कुजेशर पंचायत एक परिवार बनकर फगुआ का स्वागत कर रहा हो। इस मौके पर मुखिया अजीत उर्फ पिंटू कुमार दांगी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का महापर्व है। कुजेशर पंचायत में इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज को एक सूत्र में पिरोना और हमारी समृद्ध लोक परंपराओं को जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे जनहितकारी एवं सांस्कृतिक आयोजन निरंतर होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में श्री मुखिया पिंटू कुमार ने उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### वजीरगंज में शिव चर्चा महिला मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनायी होली मिलन समारोह



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

वजीरगंज। शिव चर्चा महिला मंडल वजीरगंज के द्वारा मौलानगर स्थित केआरपी शिव गुरु बहना अर्चना कुमारी के आवास पर रविवार को शिव गुरु चर्चा सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया |इस मौके पर शिव चर्चा महिला मंडल की शिव गुरु बहनों ने हर्षोल्लास के साथ शिव गुरु चर्चा के साथ महिलाओं ने अबीर, गुलाल और पारंपरिक गीतों के साथ एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान महिला समूह द्वारा फूलों और गुलालों से होली खेलने की परंपरा देखने को मिली, जहां महिलाओं ने एक दूसरे को रंग व गुलाल से सराबोर किया। शिव चर्चा महिला समिति की महिलाओ ने सबसे पहले एक दूसरे को गुलाल लगाया और फूल बरसाए और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद शिव पार्वती गणेश भगवान के होली के गीतों पर जमकर थिरकीं | शिव चर्चा महिला समिति की अर्चना कुमारी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और समरसता का त्यौहार है। उन्होंने सभी महिलाओं से भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओ को अपनाने का आह्वान किया, साथ ही कुटुंब प्रबोधन के लिए कार्य करने को कहा। इस मौके पर शिव शिष्या मंजू देवी ,इंदु देवी शांति देवी ,अनीता शर्मा ,किरण देवी ,नीरू देवी समेत दर्जनों की संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### वजीरगंज में हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच ने मनाई होली मिलन समारोह



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वजीरगंज।** हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच के सदस्यों ने दखिनगांव में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में मंच के सदस्य सहित क्षेत्र के जाने-माने मगही लोक गीत कलाकारों ने होली गीतों का प्रदर्शन किया, जिस पर लोग झूमते रहे एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मंच संरक्षक कमला प्रसाद सिंह, कृष्णचन्द्र चौधरी ने कहा कि इस पर्व पर अगर देश के सभी घरों में जब तक खुशियां नहीं होती तब तक इस होली पर्व का मतलब पूरा नहीं होगा। सक्षम लोग तो विभिन्न भौतिक संसाधनों का प्रयोग भी करते हैं, लेकिन आज भी कई गरीबों के घरों में साधारण सा पुआ-पकौड़ी नहीं बन पाता है। आपसी सौहार्द को कायम रखने के लिए हमलोग पुराने द्वेश को भूलकर एक दूसरे को गले लगाएं। धर्म और जाति तथा उंच-नीच के भेद को खत्म करते हुए होली पर्व मनाएं। मौके पर पंकज कुमार संजय, बच्चू शर्मा, ओमप्रकाश यादव, सुरेन्द्र प्रसाद, कृष्णा सिंह, मो आरिफ हुसैन, क्रांतिविर शर्मा, ललन कुमार, अमित कुमार, डॉ0 स्वाति, डॉ जयप्रकाश, रामचन्द्र दास, पमपम सिंह, पवितर सिंह, सुधीर सिंह, संजय सिंह उर्फ मांगो दा, टींकू वर्मा, रवि सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# गया महानगर जदयू के अध्यक्ष बने राजू बरनवाल, निर्विरोध चुने गए

## कार्यकर्ताओं ने सीएम के जन्मदिन पर मनाई दोहरी खुशी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गया शहर के गेवाल बीघा स्थित एक निजी होटल में आज जनता दल यूनाइटेड (जदयू) गया महानगर इकाई के जिला अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राजू बरनवाल को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन प्रक्रिया तय समयानुसार सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12:30 बजे तक थी, जिसमें केवल राजू बरनवाल ने ही अपना नामांकन प्रस्तुत किया। चुनाव पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र पुष्प ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद राजू बरनवाल का नामांकन सही पाया गया।

सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद राजू बरनवाल को गया महानगर जदयू का जिला अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। मुंगेर से आए पर्यवेक्षक नंदकिशोर कुशवाहा भी इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे और उन्होंने इसे पारदर्शी व निष्पक्ष बताया।

**कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखा:** निर्वाचन के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने एक-दूसरे को होली का रंग-अबीर लगाकर बधाई दी। इसी दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन होने के कारण कार्यकर्ताओं ने दोहरी खुशी का इजहार किया और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

निर्विरोध चुने जाने के बाद राजू बरनवाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें छठी बार गया महानगर का जिला अध्यक्ष बनाकर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

**सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया:** बरनवाल ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में पार्टी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और गया महानगर में जदयू की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयासों का संकल्प दोहराया।

# गयाजी में जदयू सांगठनिक चुनाव में हंगामा, नारेबाजी के बीच इलेक्शन स्थगित, अब प्रदेश नेतृत्व करेगा फैसला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में जदयू सांगठनिक चुनाव आज जबरदस्त हंगामे की भेंट चढ़ गया। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) पद के लिए गया संग्रहालय में आयोजित चुनाव में दो दर्जन से अधिक दावेदार मैदान में उतर गए। सहमति बनाने की पुरजोर कोशिश नाकाम हुई, तो माहौल गरमा गया और गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे को चोर बताते हुए जमकर नारेबाजी होने लगी। स्थिति बिगड़ती देख निर्वाची अधिकारी को चुनाव स्थगित करना पड़ा। गौरतलब है कि सांगठनिक चुनाव 2026 के तहत यह प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी अखलेंद्र कुमार और प्रदेश पर्यवेक्षक राजकिशोर दांगी की निगरानी में चल रही थी। नामांकन अवधि के दौरान 21 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। कागजात की जांच के बाद दोनों अधिकारियों ने सभी दावेदारों के बीच आम सहमति बनाने की कोशिश की। लेकिन हर गुट अपने उम्मीदवार के पक्ष में अड़ा रहा। कोई पीछे हटने को तैयार ही नहीं हुआ। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच तनाव बढ़ने लगा।

**गुटीय टकराव साफ दिखने लगा:** देखते ही देखते चुनावी माहौल नारेबाजी में बदल गया। कई गुटों में बंटे समर्थकों की आस्तीनें खिंच गईं। आमने-सामने हो गए। आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया। संगठन चुनाव की जगह शक्ति प्रदर्शन और गुटीय



टकराव साफ दिखने लगा। स्थिति को बिगड़ता देख चुनाव अधिकारियों ने घोषणा कर दी कि अब जिलाध्यक्ष का फैसला प्रदेश नेतृत्व करेगा। सभी उम्मीदवारों की सहमति से प्रदेश को मनोनयन का अधिकार दे दिया गया। इस बात की घोषणा होते ही मामला सुलटने की जगह पर नया विवाद खड़ा हो गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के समर्थक भड़क उठे। उन्होंने मौके पर ही धरना शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि किसी भी हालत में मतदान कराया जाए। हंगामा बढ़ता गया। जब अधिकारी वहां से जाने लगे तो एक गुट के कार्यकर्ता उनकी गाड़ी के आगे जमीन पर बैठ गए। धरना देने लगे। मौके पर जमकर नारेबाजी हुई। माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया।

**भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची:** स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख प्रशासन को बुलाना पड़ा। सदर एसडीओ अनिल कुमार रमन के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को शांत कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में अधिकारी सुरक्षित बाहर निकल सके। जिला अध्यक्ष पद के लिए जिन प्रमुख नेताओं ने नामांकन किया, उनमें द्वारिका प्रसाद, अजय कुशवाहा, अवध बिहारी पटेल, धनंजय शर्मा, कुंडल वर्मा, ज्योति दांगी, पूनम कुशवाहा, मसूदन राय, बिनोद कुमार, कैलाश पासवान, अलेक्जेंडर खान, जितेंद्र दास, विनोद यादव, आसिफ जफर, शहजाद शाह, वीणा देवी, पिंकी कुमारी व रामनारायण शर्मा सहित कई अन्य शामिल हैं। संगठन चुनाव में जिस तरह गुटबाजी और टकराव खुलकर सामने आया है उसने पार्टी की अंदरूनी स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी नजर प्रदेश नेतृत्व पर टिकी है। फैसला जो भी होगा, लेकिन गयाजी में जदयू की सियासत में खींचतान खुलकर सामने आ चुकी है।

## गया निगम ने 23 दुकानें-एक गेस्ट हाउस को सील किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गया नगर निगम ने बकाया किराया वसूली के लिए कार्रवाई की है। नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के निर्देश पर शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित 23 दुकानें और एक गेस्ट हाउस सील कर दिए गए। यह कार्रवाई उन दुकानदारों और गेस्ट हाउस संचालकों के खिलाफ की गई है, जिन्होंने सालों से नगर निगम की संपत्तियों का किराया नहीं चुकाया था। निगम अधिकारियों के अनुसार, केदारनाथ मार्केट स्थित पूजा गेस्ट हाउस और वहां की दुकानों पर निगम का भारी किराया बकाया था। संबंधित संचालकों को कई बार नोटिस जारी किए गए और भुगतान के लिए पर्याप्त समय भी दिया गया। इसके बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर निगम को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

**23 दुकानों पर निगम का ताला लगाया:** नगर निगम की टीम ने रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान एपी कॉलोनी में दो, गांधी मैदान में एक, दिग्घी पश्चिम में दो, दिग्घी पूर्वी में दो, केदारनाथ मार्केट में सात, कठोत्तर तालाब क्षेत्र में दो, बॉटम नाला इलाके में तीन और पंचायती अखाड़ा क्षेत्र में चार दुकानें सील की गईं। कुल मिलाकर 23 दुकानों पर निगम का ताला लगा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा।

**किराया न मिलने से निगम को राजस्व का नुकसान:** नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की आय शहर के विकास से जुड़ी है। किराया न मिलने से निगम को राजस्व का नुकसान होता है, जिसका सीधा असर जनसुविधाओं पर पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बकायादारों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी ही कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी नियमों से ऊपर नहीं समझा जाएगा। इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य दुकानदारों और निगम की संपत्तियों का उपयोग कर रहे लोगों में हड़कंप है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वजीरगंज सेवा केंद्र परमनाया अलौकिक होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज बाजार के मेहता मार्केट स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र पर इस वर्ष का अलौकिक होली मिलन समारोह अत्यंत आध्यात्मिक वातावरण में रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया और एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरा परिसर शांति, प्रेम और भाईचारे की भावना से सराबोर दिखा। समारोह की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति और परमात्मा की याद से हुई। सभी ने भगवान शिव को साक्षी मानकर बीती पुरानी दुखदाई बातों को भुलाने तथा आपसी प्रेम, शांति और सहयोग के साथ जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। फूलों की होली ने यह संदेश दिया कि सच्ची होली रंगों की नहीं, बल्कि आत्मिक गुणों की होनी चाहिए।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा बहन जी ने होली के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "होली" शब्द का अर्थ केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह "होली" अर्थात "पवित्र" बनने का संदेश देता है। होली का पर्व महाशिवरात्रि के बाद आता है, जो इस बात का प्रतीक है कि जब संसार में धर्म की अत्यधिक ग्लानि और अशांति बढ़ जाती है, तब स्वयं भगवान शिव अवतरित होकर प्रजापिता ब्रह्मा के



माध्यम से दिव्य ज्ञान प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि उस ईश्वरीय ज्ञान से मनुष्य जीवन में सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता और शक्ति का संचार होता है। सच्ची होली आत्मा और परमात्मा के मंगल मिलन का प्रतीक है। पहले हम अपने अंदर की बुराइयों, अशुद्ध विचारों और नकारात्मक संस्कारों को होलिका दहन की तरह जलाएं, फिर एक-दूसरे को प्रेम और सद्भाव का रंग लगाएं।

रेखा बहन जी ने सभी से आह्वान किया कि इस होली पर स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा को याद करें और अपने भीतर के क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या तथा द्वेष को समाप्त करें। जब हर व्यक्ति अपने जीवन में शांति, प्रेम और सहयोग का रंग भरेगा, तभी समाज और देश में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और भारत पुनः सतयुग जैसी पवित्रता की ओर अग्रसर होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक ध्यान किया तथा एक-दूसरे को आध्यात्मिक होली की शुभकामनाएं दीं। इस अलौकिक होली मिलन समारोह ने उपस्थित सभी भाई-बहनों के मन में नई ऊर्जा और आध्यात्मिक उमंग का संचार किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैवलर और ट्रक मे जोरदार भिड़ंत

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास )**। रोहतास जिले के बंजारी थाना मुख्यालय स्थित बंजारी डोमपटी मोहल्ला के समीप रविवार की सुबह पटना जाने वाली ट्रैवलर और ट्रक मे जोरदार भिड़ंत हो गई।जिसमे आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।जबकि एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान बेगूसराय निवासी गौरी देवी के रूप मे हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रोहतास से ट्रैवलर सवारी लेकर पटना जा रहा था, जहां बंजारी के समीप तेज रफ्तार से आ रही ट्रक में टककर हो गई।, टक्कर इतनी तेज हुई की ट्रक और ट्रैवलर की परचखे उड़ गए। इस घटना में ट्रैवलर पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए जबकि एक की इलाज के लिए ले जाने के क्रम मे मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने उक्त स्थल पर पहुंच सभी घायलो स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सकों ने स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। हालांकि अभी भी तीन की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वही पुलिस मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बीस लीटर देसी शराब बरामद,दो कारोबारी फरार,मामला दर्ज

**काराकाट /रोहतास**। पुलिस ने देसी महुआ शराब बरामद की है,लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही शराब कारोबारी भागने में सफल रहा । काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवाई टोला से पुलिस ने 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है । उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही दो कारोबारी भाग निकला । फरार दोनों कारोबारी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है । फरार दोनों कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है,उसे बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### कांड में चार अभियुक्त गए जेल

**बिक्रमगंजः** पुलिस ने कांड में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । संझौली थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्या 46/26 के आलोक में विभिन्न धाराओं के अभियुक्त विक्की कुमार,बंटी कुमार, विशाल सिंह एवं छोटन उर्फ मनीष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त संझौली के रहने वाले मूल निवासी बताए जाते हैं । बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### 142 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार



**बिक्रमगंज/रोहतास**। संझौली पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है । थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि स्थानीय थाना संझौली निवासी रणधीर सिंह उर्फ लाल बाबू सिंह एवं उनके पुत्र विवेक कुमार उर्फ विवेक सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों के 142 लीटर अंग्रेजी शराब साथ गिरफ्तार कर लिया । शराब की बरामदगी गिरफ्तार कारोबारी के घर से हुई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध कांड संख्या 45/26 के आलोक में संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

# पारम्परिक होली खेल त्योहार मनाने का हुआ निर्णय

## शांति समिति की बैठक में प्रशासन के समक्ष लोगों ने उठाया जनहित का मुद्दा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर**। चार मार्च को होली का त्योहार क्षेत्र अन्तर्गत शान्तिपूर्ण पारम्परिक तरीके से मनाये जाने को लेकर क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बैठक रविवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष उमुस सलमा,इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण एवं बीडीओ रविराज के मौजूदी में हुआ. थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता एवं भाइचारे में शन्तिपूर्ण पारम्परिक तरीके से त्योहार को मनाए.मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने भाइचारे में शन्तिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का आश्वासन दिया.

इस दौरान भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पु राय ने अपराधियों पर अंकुश रखने के लिए स्थानिय बजार के चौक स्थित सभी रोड में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने का मुद्दा उठाया. वार्ड सदस्य अनिल कुमार ने राजपुर चौक पर बने शौचालय को चालु कराये जाने की बात रखते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया.जिस पर राजपुर मुखिया रंजू देवी के प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की शौचालय का गंदा पानी बहाव की कोई व्यवस्था नहीं है.उन्हें जानकारी मिला है कि वर्तमान जिला परिषद सदस्य ने इस बात की लिखित सूचना जिलाधिकारी को प्रदान किया है.

थानाध्यक्ष ने कहा की असमाजिक तत्वों पर पुलिस पैनी नजर बनाए रखेगी.ताकि किसी प्रकार की दुघर्टना न हो सके.डीजे बजाने पर प्रतिबंध लागू है. मौके पर गौरी शंकर प्रसाद, आरएलएम प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, सत्रुहन कुमार, संतोष कुमार सिंह, अलीमुद्दीन अंसारी, गणेश कुमार, सोनू दुबे, अयोध्या सिंह समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, डीजे संचालक समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

## बिक्रमगंज में होली की धूम : रंग- गुलाल से सजे बाजार, जमकर हुई खरीदारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज रोहतास** : नगर में होली पर्व को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है । जैसे-जैसे रंगों का त्योहार नजदीक आ रहा है, शहर के मुख्य बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी है । सुबह से देर शाम तक दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं । रंग,गुलाल, पिचकारी,अबीर,गुब्बारे और तरह-तरह के आकर्षक मास्क की दुकानों पर खासा उत्साह देखा जा रहा है । बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां और रंग-बिरंगे गुब्बारे विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं महिलाओं ने भी घर सजावट और पकवान बनाने के सामान की जमकर खरीदारी की।

मिठाई की दुकानों पर भी चहल-पहल बढ़ गई है। गुझिया,मालपुआ,दही-बड़ा और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री में तेजी आई है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री बेहतर हो रही है,जिससे व्यापारियों में उत्साह है। कुल मिलाकर बिक्रमगंज नगर में होली का रंग पूरी तरह चढ़ चुका है और लोग उत्साह एवं उमंग के साथ पर्व की तैयारियों में जुटे हैं।

## मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए बच्चे रवाना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास** । मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए शनिवार को काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय धवनी के बच्चे को दार्शनिक स्थल बोधगया वास्ते मुखिया ग्राम पंचायत गम्हरिया, विद्यालय शिक्षा समिति सचिव, प्रधानाध्यापक अख्तर जमा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों की मानसिक, बौद्धिक शक्ति का विकास होता है । इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति अधिकाधिक रूचि पैदा होती है । बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक व मानसिक विकास होता है । विद्यालय के शिक्षक श्रीभगवान सिंह,अनिल कुमार पासवान के नेतृत्व में विद्यालय के 6 से 8 वर्ग के बच्चे व बच्चियां परिभ्रमण पर गए ।

मुखिया ने सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि परिभ्रमण से बच्चों में बौद्धिक विकास होता है । सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके अभिभावक अपने बच्चों को इन ऐतिहासिक स्थलों को दिखाने में सक्षम नहीं हैं । लिहाजा सरकारी मद की राशि से बच्चों को परिभ्रमण पर ले जाना बच्चों के लिए लाभकारी है । परिभ्रमण दल में विद्यालय शिक्षक के साथ रसोइया प्रभावती कुंवर,शोभा देवी,गीता कुंवर समेत मध्य विद्यालय चांदी,मध्य विद्यालय बेनसागर,मध्य विद्यालय अमौना,मध्य विद्यालय किरही,मध्य विद्यालय बाराडीह,मध्य विद्यालय घोपतपुर,मध्य विद्यालय देव मार्कण्डेय के बच्चे व शिक्षक लोग शामिल है ।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रोहतास**। जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र के राजपुर रोड में करकट पुर अस्पताल के समीप सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई ।घटना क्रम के बारे में बताया जाता है कि रविराज कुमार उम्र 22 वर्ष पिता नवरंग मेहता ग्राम केशो बिगहा के रहने वाला युवक अकोढी गोला बजार से अपने घर जा रहा था तभी करकट पुर सरकारी अस्पताल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आ कर घायल हो गया।परिजन घायलावस्था करकटपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। निजी वाहन से ले जाने के क्रम में ही युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। मौत के बाद करकटपुर अस्पताल के ठीक सामने मुख्य सड़क पर ही परिजनों ने शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजनों का आरोप था कि सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस समय पर नहीं मिला निजी वाहन तलाशने में समय लगा जिससे घायल युवक की और तबियत खराब हो गई और रास्ते ने मौत हो गई। सड़क जाम की समस्या सुनकर अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया लेकिन परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी को बुलाने पर अड़े रहे उनका आरोप था कि एंबुलेंस क्यों नहीं दिया गया । जाम की समस्या देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती हुई मौके पर अंचल पुलिस निरीक्षक रविभूषण सहित डिहरी नगर थाने की पुलिस, डालमिया नगर थाने की पुलिस, डिहरी मुफस्सिल,आयर कोठा, दरिहट, राजपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची ।अकोढी गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीस हजार रुपए का चेक देने की बात कही।इस मामले में अकोढी गोला थाना अध्यक्ष ने बताया कि सड़क जाम को हटा दिया गया है यातायात सुचारू रूप से चालू है तथा शव को अपनी कब्जे में

## यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट रोक नहीं लगाया होता तो आज देश नफरत की आग में लपटों में जलता रहता

रजनी कान्त पाण्डेय

**काराकाट (रोहतास)**- यदि न्यायपालिका रोक नहीं लगाई होती तो यूजीसी का जो आरक्षण आया देश में उससे आज पूरा देश जलता रहता। सच पूछा जाए तो समाज को बांटने और नफरत को फैलाने का नाम ही है आरक्षण, इसे देश के अंदर लोगों को जाति में बांटना प्रमुख कारण कहना अनुचित नहीं होगा।जिस जाती का नाम लेने से एससी एसटी एक्ट लागू हो जाता है उसका नाम है आरक्षण, जाति का नाम लेने पर केस, लेकिन बड़े खुशी और हर्ष के साथ नफरती आरक्षण के कानून का सहारा लेने के लिए दफ्तरों में जाति प्रमाण पत्र खुशी खुशी बनवाते हैं आरक्षण धारी लेकिन जाति का नाम लेने पर होते हैं नाराज। यह कानून राजनेताओं की सोची समझी राजनीति के चलते सनातन धर्म में और अन्य धर्मों में एक लकीर पैदा कर दिया है। जिसके चलते एक दूसरे जाती को देखकर लोगों की गुर्राने और नफरत करने का सिलसिला कम होने की वजह दिन दूना और रात चौगुन बढ़ता नजर आ रहा है। पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार अंग्रेजों की तरह बाटो और शासन करो कि यह राजनीति देश को कितना नुकसान पहुंचाएगी और पहुंच रही है जिसका अंदाजा अभी और आने वाले भविष्य में कितना भुगतना होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है।गरीबी की तुलना किसी जाति को देखकर नहीं किया जा सकता है न गरीबी जात पात देखकर आती है। यदि सच पूछा जाए तो गरीबों के नाम पर कानून बनाकर सुविधा देने का जो कानूनी तरीका है वह देश को बांटने के तरीका के रूप में बदल रहा है और बदल चुका है यह कानून देश में एकता फैलाने का नहीं कुर्सी बरकरार रखने का है। देश द्रोह के पैमाने की यदि हम बात करें तो जो कानून देश में अशांति फैलता हो नफरत फैलता हो जो देश को कमजोर करता हो जाति में बांटता हो वह देशद्रोह के रूप में क्या नहीं आता क्या यह आपसी प्रेम फैलाने वाला है या गरीबी मिटाने वाला या देशद्रोह फैलाने वाला या यदि जाति में बांटने वाला कानून कहना उचित नहीं होगा। इस कानून के चलते आज समाज में नफरत और द्वेष समाज में इस तरह से बढ़ गया है, और बढ़ रहे हैं कि कोई धर्म पर उंगली उठाता है कोई किसी के धर्म को ही गाली देता है तो कोई अंतरजातीय विवाह का सपना देखता है तो कोई ब्राह्मण लड़कियों पर ही सवाल उठा देता है और शादी करने तक का मंसूबा रखता है। यह सब नफरती कानून किसने बनाया और क्यों बनाया क्या यह देश को कमजोर नहीं कर रहा है क्या संविधान इसकी इजाजत देता है , क्या समाज को यह कानून बांट नहीं रहा है। संविधान सबको साथ लेकर चलने का संकल्प लेता है समानता का अधिकार देता है तो फिर भेदभाव युक्त कानून कुर्सी को प्राप्त करने के लिए बनाना देशद्रोह नहीं है तो क्या है। इसलिए सरकार को चाहिए कि देश के अंदर जो भी कानून समाज को बांटता हो नफरत फैला कर भाईचारे को कमजोर करता हो उस पर तत्काल रूप से रद्द कर देना चाहिए। सच पूछिए तो देश के हित में संविधान में संशोधन करके समता के अधिकार के तहत समान नागरिक संहिता लागू कर देना ही उचित होगा तब जाकर समाज में समरसता भाईचारा और पारदर्शिता कायम की जा सकती है। यदि सचमुच सरकार भेदभाव युक्त कानून आरक्षण या धार्मिक कानून नहीं बनाई होती तो आज देश में जनता के बीच भाईचारा की जगह नफरत नहीं कायम होता इसलिए देश के अंदर जातिवाद का जन्मदाता राजनेताओं को कहना अनुचित नहीं होगा। साथ में पढ़ना साथ में खाना साथ में होटल में ठहरना , बारात के एक पंडाल में, एक स्टॉल पर समान रूप से मिलना खाना यहां तक की अंतर्जातीय शादी करने का प्रावधान शुरू हो चुका है। ऐसी स्थिति में समाज में वोट के लिए और कानूनी कुर्सी के लिए नफरत का बीज बो कर समाज को टुकड़े-टुकड़े करना उचित नहीं है इससे देश का भविष्य बनने की जगह और बिगड़ेगा।

# पत्रकार संघ के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष ने अबीर-गुलाल उड़ा मनाई होली मिलन

## सिद्धनाथ सिंह बोलें..होली पर्व स्नेह के अटूट रिश्तों का है प्रतीक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। रविवार को चेयरमैन व्यापार मंडल सिद्धनाथ सिंह ने नेतृत्व में नगर परिषद स्थित कार्यालय सभागार में अबीर गुलाल उड़ा धूमधाम से मनी पत्रकार संघ होली मिलन समारोह। अवसर पर पत्रकार संघ,बिक्रमगंज ने व्यापार मंडल कार्यालय सभागार में सर्व प्रथम बुजुर्ग व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह को अबीर-गुलाल लगा उनसे आर्शीवाद लिया।

इसके बाद वरीय चेयरमैन सिद्धनाथ सिंह ने उपस्थित सभी पत्रकारों को अबीर-गुलाल तिलक लगा उन्हें होली पर्व की सपरिवार हार्दिक शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम का संचालन व्यापार मंडल कार्यकारी सदस्य ललन चौरसिया ने की।

अवसर पर चेयरमैन ने पत्रकार सदस्यों को मिठाइयां खिलाते हुए अंगवस्त्र भेंट कर अन्य उपहारों से उन्हें सम्मानित किया। साथ ही अपने संबोधन में कहा कि देश के चौथे स्तंभ कलम के सिपाही पत्रकार बिना पूरा देश अंधकार मय समान है। क्योंकि देश के जवान की तरफ देश के मीडिया भी वैसे ही कलम के सिपाही है जो हर समय देशहित में खबरों को आइने की तरह दिखाते है। जबकि होली मिलन समारोह का मुख्य संदेश सामाजिक समरसता,भाईचारा और प्रेम मोती के धागों में बांधना है। यह रंगोत्सव होली पर्व समाज में ऊंच-नीच,जात पात से जुड़े धर्म के बंधनों को तोड़कर एक-दूसरे को गले लगाते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। जिस दिन लोगों को पुरानी कड़वाहट और आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक दूसरे से गले मिलने का अवसर प्राप्त होता है।

उक्त मौके पर पत्रकार-चंद्रमोहन चौधरी, नरेंद्र सिन्हा, पार्थ सारथी पांडे, संतोष चंद्रकांत, रवि रंजन राय, बीरेंद्र कुमार, संजय पांडे, जयप्रकाश शर्मा, रवि प्रकाश, रमन चौबे, धर्मेंद्र कुमार, दुर्गेश तिवारी व ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, मनोज सिंह सहित अन्य पत्रकार सदस्य होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

## विदाई समारोह आयोजित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास** । सेवा निवृति जीवन का एक पड़ाव है,जिसके बाद व्यक्ति नए सिरे से जीवन को जीना शुरू करता है । ये बातें डॉ कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष बॉटनी विभाग अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज ने मध्य विद्यालय मोहिनी टोला के प्रधानाध्यापक धर्मराज सिंह के सेवा निवृति के अवसर पर सम्मानित करते कही । इस अवसर पर डॉ सिंह ने प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र,पुष्प गुच्छ एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया और बधाई दी । अपने संबोधन में डॉ सिंह ने कहा कि विदाई एक भावनात्मक लगाव का सूचक है,जो सेवा के समय किए गए कार्य और व्यवहार को दर्शाता हैं । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों में अति उत्साह और श्रद्धा की भावना परिलक्षित हो रही थी । प्रधानाध्यापक ने कहा कि मैने ईमानदारी से सेवा की है । इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक अभय कुमार यादव,डॉ रवि कांत पांडेय,कामेंद्र कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र व छात्राओं की उपस्थिति रही । सभी लोगों ने प्रधानाध्यापक के स्वस्थ और दीर्घायु होने की मंगल कामना की ।

## लोरीबांध में साप्ताहिक भागवत ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास** । प्रखंड अंतर्गत लोरीबांध गांव में घरवासडीह मठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में साप्ताहिक भागवत ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया । इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा-श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया । ज्ञान महायज्ञ के मुख्य विद्वान आचार्य अवध बिहारी पांडेय ने श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का रसपान कराते हुए धर्म,भक्ति और सदाचार का संदेश दिया । उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है । कथा के माध्यम से भगवान की महिमा,भक्ति की शक्ति और मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया ।

इस अवसर पर महाराज जी ने अपने संबोधन में कहा, "भागवत ज्ञान यज्ञ समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम है । जब तक मनुष्य भगवान की शरण में नहीं जाता, तब तक उसे सच्ची शांति की प्राप्ति नहीं होती। कथा-श्रवण से मन पवित्र होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। हमारा उद्देश्य है कि हर घर में भक्ति और संस्कार का दीप प्रज्वलित हो ।

उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से सत्संग एवं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का आह्वान किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य अवध बिहारी पांडेय,पंडित दशरथ मिश्रा,पंडित शिवकुमार पाण्डेय ,पंडित गुड्डू मिश्रा एवं उनके सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही । यजमान गोपाल सिंह एवं इनके पूरे परिवार के सहयोग से सप्ताह यज्ञ धूम धाम से चले इस ज्ञान महायज्ञ से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

## ज्ञान और अनुभव का संगमः करगहर के विद्यार्थियों की शैक्षिक परिभ्रमण यात्रा



**करगहर (रोहतास), संवाददाता**। करगहर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में संचालित शैक्षिक परिभ्रमण योजना के तहत छात्र-छात्राएं इन दिनों ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं तकनीकी स्थलों का भ्रमण कर प्रत्यक्ष ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। इस पहल से बच्चों के ज्ञान, दृष्टिकोण और आत्मविश्वास में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

रविवार को मध्य विद्यालय मनियारी के 40 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ। इस दल में मुख्य रूप से कक्षा छह एवं आठ के विद्यार्थी शामिल थे। विद्यार्थियों ने बोधगया, गया, पायलट धाम तथा मुंडेश्वरी मंदिर सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। परिभ्रमण दल को समाजसेवी चन्द्रमा तिवारी, विनोद तिवारी एवं प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सेठ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सेठ ने कहा कि शैक्षिक परिभ्रमण बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया से सीखने का अवसर देता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव होता है।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने महाबोधि मंदिर का दर्शन किया, जो विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। साथ ही 80 फीट ऊंची भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं विभिन्न बौद्ध मंदिरों का अवलोकन किया। बोधिवृक्ष की छाया में बैठकर विद्यार्थियों ने शांति एवं आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और पाठ्यपुस्तकों में पढ़ी गई जानकारी को व्यवहारिक रूप में समझा।

इसके अतिरिक्त गया स्थित फल्गु नदी पर निर्मित रबर डैम का निरीक्षण कर छात्र-छात्राएं आधुनिक तकनीकी विकास से भी रूबरू हुए। इस अनुभव ने उनके भीतर विज्ञान और तकनीक के प्रति जिज्ञासा को और प्रबल किया। परिभ्रमण दल में शिक्षक प्रसून तिवारी, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, शिक्षिका आरती कुमारी, उर्मिला देवी एवं सीमा कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षिक यात्राएं विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें नई सोच और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत

**बांका**। बांका के कटोरिया थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। कटोरिया–सूईया मुख्य सड़क पर मुक्ति निकेतन के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ठेकेदार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। बाद में देवघर ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान आनंदपुर थाना क्षेत्र के मंझलाटील्हा गांव निवासी 60 वर्षीय मोहम्मद जिबराइल अंसारी के रूप में हुई है, जो गृह निर्माण कार्य में लेबर और राजमिस्त्री के ठेकेदारी का काम करते थे।

**घर लौटते वक्त हुआ हादसा**: जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम मोहम्मद जिबराइल कांवरिया के पास निर्माणाधीन मकान में चल रहे कार्य की निगरानी कर बाइक से रोजा खोलने के लिए घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मुक्ति निकेतन परिसर के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क किनारे दूर जाकर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए।

**20 मिनट तक सड़क पर तड़पते रहे, किसी ने नहीं देखा**: सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि हादसे के बाद करीब 20 मिनट तक जिबराइल अंसारी सड़क पर खून से लथपथ पड़े रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बाद में वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने उन्हें देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी।

**कटोरिया अस्पताल से देवघर रेफर, रास्ते में मौत**: सूचना मिलते ही कटोरिया थाना की गश्ती पुलिस पहुंची और घायल को कटोरिया रेफरल अस्पताल भेजा। डॉ. विनोद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया, लेकिन देवघर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

**शव लेकर पहुंचे थाना, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**: घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को लेकर कटोरिया थाना पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

**गांव में शोक, परिवार पर टूटा दुख का पहाड़**: उनकी अचानक मौत की खबर फैलते ही मंझलाटील्हा गांव और आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मद जिबराइल अपने मेहनत और ईमानदारी के कारण गांव में पहचाने जाते थे। रोजा के समय घर लौटते वक्त यह हादसा उनके परिवार के लिए एक आजीवन न भरने वाला जख्म छोड़ गया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

### ऑपरेशन मुस्कान, होली से पहले 32 मोबाइल मिले

**बांका**। होली पर्व से पहले बांका पुलिस ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए उनके चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुम और चोरी हुए 32 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। इस पहल से न सिर्फ लोगों को अपनी कीमती संपत्ति वापस मिली, बल्कि पुलिस और जनता के बीच भरोसे का रिश्ता भी और मजबूत हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपेन्द्रनाथ वर्मा ने स्वयं उपस्थित लोगों को उनके मोबाइल फोन लौटाए। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में मोबाइल चोरी और गुमशुदगी की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया गया था।

**उम्मीद नहीं थी, उनका मोबाइल वापस मिलेगा**: इस अभियान में तकनीकी सेल और विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से काम किया। तकनीकी ट्रैकिंग, सूचना संकलन और छापेमारी के जरिए अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार बरामद किए गए 32 मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 7 लाख 50 हजार रुपए है। एसपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सिर्फ अपराधियों को पकड़ना ही नहीं, बल्कि पीड़ितों को त्वरित राहत देना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि लोगों की खोई हुई संपत्ति उन्हें वापस मिल सके और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। मोबाइल फोन पाकर लोगों की खुशी देखते ही बन रही थी। कई लाभार्थियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल कभी वापस मिलेगा। होली से ठीक पहले मोबाइल मिलने से उनका उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। बांका में पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और सहयोग की यह मिसाल होली की खुशियों में चार चांद लगाती नजर आई।

### फाल्गुन महोत्सव, बाबा श्याम को लगा 56 भोग

**मुंगेर**। मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप रामलीला मैदान में शनिवार को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह निशान यात्रा निकाली गई, जबकि शाम को बाबा खाटू श्याम के मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया और उनकी फूलों से श्रृंगार पूजा की गई। पूजा-अर्चना के बाद भगवान को विधिवत 56 प्रकार का भोग लगाया गया। इसके अतिरिक्त, सवामणि प्रसाद भी चढ़ाया गया। मंदिर परिसर में मारवाड़ी समाज के महिला-पुरुषों ने ज्योत पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की। यह पूजा देर रात तक जारी रही।

**गायकों ने भजन किया प्रस्तुत**: महोत्सव के दौरान भक्ति संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। भागलपुर और जमालपुर से आए भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक खाटू श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जमालपुर के भजन गायक हर्ष शर्मा ने 'गोविंद मेरा है गोपाल मेरा है' और 'बाबा संग फूलों और गुलाल की होली' जैसे भक्ति गीत गाए। वहीं, भागलपुर के हेमंत राजस्थानी ने 'श्री कृष्ण की महिमा कैसे करूं', 'क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो श्याम से नाता है' और 'श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है' जैसे भजन प्रस्तुत किए। पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम से आसपास का पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

### बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**बांका**। बांका में डिलीवरी के सिर्फ 10 दिन बाद बंध्याकरण ऑपरेशन करवाने वाली एक महिला की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका की पहचान राजेश यादव की पत्नी, करीब 35 साल की गुड़िया देवी के रूप में हुई है। परिवार पर ऐसा दुखों का पहाड़ टूटा है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। दो छोटे बेटे, दो बेटियां और 10 दिन का नवजात अब बेसहारा हो गए। घटना धोरैया प्रखंड के सनखपरा गांव में शनिवार की रात की है।

**डिलीवरी के 10 दिन बाद कराया बंध्याकरण, फिर बिगड़ी तबीयत**: परिजनों के अनुसार, गुड़िया देवी ने 10 दिन पहले धोरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के तुरंत बाद वहीं उनका बंध्याकरण ऑपरेशन भी कर दिया गया। ऑपरेशन के कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। पति राजेश यादव ने बताया, ऑपरेशन के बाद अचानक उनकी हालत खराब हुई और वे कुर्सी से गिर पड़ीं। हम घबरा गए। किसी ने सलाह दी कि निजी क्लीनिक ले जाओ। हम तुरंत पुनसिया के क्लीनिक पहुंचे, लेकिन वहां से रजौन रेफर कर दिया गया।

**अस्पताल पहुंचते-पहुंचते खत्म हो गई जिंदगी**: परिजन गुड़िया देवी को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में जैसे ही मौत की पुष्टि हुई, मातम की चीखें गूंज उठीं। पति, छोटे बच्चे और महिला के अन्य परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर रजौन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली।

**लापरवाही का आरोप, गांव में आक्रोश**: मृतका के परिजनों ने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि बंध्याकरण ऑपरेशन के दौरान या उसके बाद गंभीर लापरवाही बरती गई, जिस वजह से गुड़िया देवी की मौत हुई। परिजनों का कहना है कि प्रसव के मात्र 10 दिन बाद ऑपरेशन करना ही जोखिम भरा था और स्वास्थ्य केंद्र ने इसमें जल्दबाजी दिखाई।

# पीएम किसान योजना में साइबर ठगी, दो बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर साइबर थाना पुलिस ने पीएम किसान योजना के तहत किसानों के खातों से अवैध निकासी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 6.33 लाख रुपये कैश सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। भागलपुर के सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। सिटी एसपी ने बताया कि यह गिरोह तकनीकी माध्यम से किसानों का डेटा जुटाता था। इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाते खोलकर पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की राशि अवैध रूप से निकाल लेता था। जांच में सामने आया कि गिरोह विशेष रूप से उन किसानों को निशाना बनाता था, जिनका केवाईसी लंबित था।

**पीड़ित ने गलत तरीके से पैसे निकालने की शिकायत की**: इस मामले का खुलासा तब हुआ जब 27 फरवरी को पीड़ित चंदन कुमार साह ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया था कि उनके खाते से गलत तरीके से पैसे निकाले गए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने साइबर थाना कांड संख्या 20/2026 दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के वारसालिगंज इलाके में छापेमारी की। इस दौरान अमर कुमार तांती और राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने छापेमारी में 6 लाख 33 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, एक बायोमेट्रिक मशीन, एक मोबाइल प्रिंटर, 10 एटीएम कार्ड, 12 बैंक पासबुक, दो आधार कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से साइबर तकनीक का उपयोग कर किसानों को ठगी का शिकार बना रहा था। इस मामले में आईटी एक्ट और संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

**अज्ञात कॉल-लिंक से सतर्क रहने की सलाह**: पुलिस ने किसानों से अपील की है कि वे केवाईसी या बैंक संबंधी किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या संदेश से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साइबर थाना को दें।

## चार युवकों की बेरहमी से पिटाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बकरी चोरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से पीटा, सभी का सिर फटा, हालत नाजुक

**भागलपुर**। भागलपुर में शनिवार देर रात बकरी चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने चार युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी। चारों की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया गया है। घटना परबत्ता थाना क्षेत्र के बोरवा गांव की है। घायलों की पहचान टीपू(20), साबिर(22), रुपेश(24) और सरफराज(30) के तौर पर हुई है। सभी मधुबनी जिला के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक चारों युवक स्कॉर्पियो से बोरवा गांव में घूम रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने बकरी चोरी का आरोप लगाकर पकड़ लिया। बिना कुछ पूछे लाठी-डंडे से पीट दिया। इतनी बेरहमी से पीटा कि सभी का सिर फट गया। शरीर पर गहरे जख्म के निशान है।

**पुलिस ने भीड़ से निकालकर अस्पताल पहुंचाया**: मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ से निकालकर नवगछिया अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज) रेफर कर दिया।

**आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी**: थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने बकरी चोरी के संदेह में युवकों की पिटाई की है। हालांकि किसी के पास कुछ नहीं मिला। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पिटाई में शामिल ग्रामीणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला उद्यमियों का होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में होली के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था मां आनंदी की ओर से 'महिला उद्यमिता सह होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और रंगोत्सव के उल्लास से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व महापौर डॉ. वीणा यादव, रश्मि रंजना, अनीता अनवर, अर्चना सहित संस्था से जुड़ी महिलाएं शामिल हुईं। संस्था की ओर से अतिथियों को अबीर-गुलाल लगाकर अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय योगदान के लिए रीता जसवाल, बबीता बोन, पुष्पा, अरुण और अलका को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**होली के गानों पर जमकर थिरके**: कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने रंग-गुलाल लगाकर सभी ने एक-दूसरे को होली क बधाई दी। साथ ही होली के गानों पर जमकर डांस किया। रंग, उमंग और भाईचारे की भावना ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। आयोजकों की ओर से लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी।

**महिला सशक्तिकरण का उदाहरण**: मुख्य अतिथियों ने समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। संस्था की सदस्य प्रिया सोनी ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आपसी सौहार्द को भी मजबूत करते हैं। समारोह आपसी सम्मान, सांस्कृतिक परंपराओं और महिला सशक्तिकरण का सुंदर उदाहरण साबित हुआ।

## सुल्तानगंज में स्मैक तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है।आरोपी के पास से लगभग 5 ग्राम स्मैक, सात मोटरसाइकिलें और 9,450 रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। सिटी एसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए सघन गश्ती और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 28 फरवरी 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के अब्जूगंज इलाके में स्मैक की खरीद-बिक्री हो रही थी। सूचना के सत्यापन के बाद सिटी एसपी के नेतृत्व में और विधि-व्यवस्था डीएसपी के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने कार्रवाई करते हुए अब्दुगंज चौक के पास छापेमारी की।

**17 पुड़िया स्मैक जब्त हुआ**: छापेमारी के दौरान पुलिस ने स्टेशन रोड, कलाली गली, वार्ड संख्या-15, सुल्तानगंज, भागलपुर निवासी अमित कुमार झा को हिरासत में लिया। तलाशी में उसके पास से 17 पुड़िया स्मैक (कुल वजन करीब 5 ग्राम), दो डिजिटल वेट मशीन, सात पीस पैरासिटामोल, एल्यूमिनियम फॉयल और सात मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। सिटी एसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि भागलपुर पुलिस नशा कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी और मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस अभियान की सराहना की है।

## अभाविप कार्यकर्ताओं मनाया होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बेगूसराय में एक दूसरे को दी बधाई, कहा- परंपरा-संस्कृति से जुड़ कर अपनों के साथ बांटें खुशियां

**बेगूसराय**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की ओर से आज बखरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। फगुआ के गीत संगीत का आनंद लेते हुए कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रूप से होली मनाने का संदेश दिया। ABVP के जिला संयोजक अनुभव आनंद ने होली के पौराणिक महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह पर्व मुख्य रूप से बुराई पर अच्छाई की विजय यानी भक्त प्रहलाद की रक्षा और होलिका के दहन से जुड़ा है। फाल्गुन पूर्णिमा को यह त्योहार भगवान विष्णु की कृपा अटूट भक्ति और फाल्गुन के अंत में वसंत ऋतु के आगमन के उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक**: होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का त्यौहार प्रेम और भाईचारे के साथ मनाई जाती है। सामाजिक सौहार्द का त्योहार होली को शांतिपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए। होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में आनंद की अनुभूति और दूसरों के साथ खुशी मनाते हुए जीने का संदेश भी देता है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रविन्द्र कुमार एवं नगर मंत्री सौरभ कुमार ने कहा कि होली अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ कर अपने परिजनों के साथ खुशियां बांटने का त्योहार है।होली हमें प्रेम का संदेश देता है और हमारे बीच एकता और सौहार्द को स्थापित करता है। इसलिए होली को धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व देकर हमें हर्षोल्लास के साथ मनानी चाहिए। युवाओं से उत्साहपूर्वक होली पर्व मनाने की अपील करते हुए अभाविप कार्यकताओं ने प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल की बात कही। मौके पर नगर उपाध्यक्ष अनमोल कृष्णा, नगर सहमंत्री दीपक कुमार, सुशांत पोद्दार, छोटू केशरी, विकास मेहता, सीताराम केशरी, छात्रा कार्य प्रमुख रचना कुमारी, रूपम, सुहानी, अमीषा, गुंजन एवं आशा सहित बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांति-सौहार्द से मनाएं होली-डीएम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ अवैध शराब पर कार्रवाई के निर्देश,कहा-नकली और मिलावटी मिठाई की बिक्री रोकें

**बांका**। बांका में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि-व्यवस्था और लोक-व्यवस्था संधारण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी थानाध्यक्षों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थलों, हाट-बाजारों, चौक-चौराहों, मंदिर-मस्जिदों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को कहा गया।

**छोटी से छोटी घटना पर सख्त कार्रवाई करें**: जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि छोटी से छोटी घटना पर भी त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।प्रशासन ने होली पर्व से पूर्व सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय के माध्यम से किसी भी विवाद की संभावना को पहले ही रोकना है।होली के अवसर पर नकली और मिलावटी मिठाई तथा रंग/अबीर की बिक्री पर रोक लगाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी, बांका को विशेष अभियान चलाकर विधि-सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सशस्त्र बल और दंडाधिकारियों की होगी तैनाती**: सुरक्षा व्यवस्था के तहत होलिका दहन से लेकर होली के एक दिन बाद तक सशस्त्र बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को प्रथम प्रतिक्रिया बल (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) के रूप में तत्पर रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, मद्य निषेध अधीक्षक को जिले के सभी प्रखंडों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी और धरपकड़ अभियान चलाने के आदेश दिए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**दंगा निरोधक दस्ता, फायर सर्विस, चिकित्सा दल रहे अलर्ट**: विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना संकलन पर भी जोर दिया गया है। सभी प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों को संभावित संवेदनशील सूचनाएँ तत्काल थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला नियंत्रण कक्ष 02 मार्च से 04 मार्च 2026 तक अनुमंडल कार्यालय, बांका में कार्यरत रहेगा, जहाँ दंडाधिकारी, पुलिस बल, दंगा निरोधक दस्ता, फायर सर्विस, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और क्विक रिस्पॉन्स टीम पूरी तरह सतर्क रहेगी।

## होमगार्ड अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




♦ सरकार के खिलाफ नारेबाजी, कहा- वर्दी सिलवाकर घर में रखी है, अब ट्रेनिंग दो या मौत

**बेगूसराय**। बेगूसराय में 2025 में चयनित 419 होमगार्ड अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछले 8-9 महीनों से ट्रेनिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। अभ्यर्थी श्यामली कुमारी ने बताया कि 2025 में बिहार होमगार्ड के लिए आवेदन किया था। जून-जुलाई में फिजिकल हुआ, अगस्त में मेरिट लिस्ट आई और सितंबर में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी पूरा हो गया। वेरिफिकेशन के समय आश्वासन दिया गया था कि 10 दिनों के अंदर ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। हमने वर्दी सिलवाई, जूते-मोजे और ट्रेनिंग का सामान (किट) खरीदकर बैग पैक कर लिया। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी ट्रेनिंग का कोई अता-पता नहीं है। जब भी हम कमांडेंट या प्रशासन से पूछते हैं, तो 10 दिन या 15 दिन का समय देते हैं। हर जगह आवेदन दिए, डीएम से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब भूख हड़ताल के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

**कोई सुनने को तैयार नहीं है**: अभ्यर्थी कविता कुमारी ने बताया कि उन्होंने फिजिकल टेस्ट में 15 में से 15 अंक प्राप्त किए थे और हर कसौटी पर खरी उतरी थी। लेकिन अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। हमारा हक देने के लिए कोई तैयार नहीं है। डीएम साहब के पास भी गए, लेकिन उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनके हाथ में कुछ नहीं है। अगर हमारी बात नहीं सुनी गई तो यहीं जान दे देंगे।

**तबीयत बिगड़ने के बाद भी हमारा जज्बा कम नहीं हुआ**: भूख हड़ताल में शामिल अन्य अभर्थियों ने कहा कि परेशान होकर तीन दिन से होमगार्ड कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठे रहे। दिन में ही नहीं, रात भी वहीं गुजार रहे हैं। फिर भी अभी तक किसी अधिकारी ने सुध नहीं लिया तो आज से समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा। खाना-पीना त्याग चुके इन अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या महिलाओं की है। तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन हमारा जज्बा कम नहीं हुआ है। बिहार के अन्य जिलों में इसी विज्ञापन की बहाली प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है, लेकिन बेगूसराय में फाइलें धूल फांक रही है। प्रशासन को उनकी पीड़ा नहीं दिख रही है। आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। प्रशासन की ओर से बार-बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, अब नियुक्ति पत्र लिए बगैर यहां से नहीं जाएंगे। अविलंब ट्रेनिंग शेड्यूल जारी करना होगा, जान दे देंगे, लेकिन उठेंगे नहीं।

# अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच वहां की स्थिति पर चिंता व्यक्त की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के चौसा निवासी सुजीत कुशवाहा इस समय दुबई में कार्यरत हैं। अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच परिजनों से बातचीत के दौरान उन्होंने वहां की स्थिति पर चिंता व्यक्त की, हालांकि खुद को सुरक्षित बताया। युवक द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट ने परिवार और मित्रों की बेचैनी बढ़ा दी है। सुजीत ने अपनी पोस्ट में लिखा, "मैं ऑनलाइन नहीं दिखाई दूंगा तो समझना मामला ज्यादा खराब हो गया है... लड़ाई मानवता के विरुद्ध है।" इस पोस्ट के सामने आने के बाद गांव और परिवार में तुरंत बेचैनी बढ़ गई। परिजनों ने उससे संपर्क साधा, जिस पर युवक ने बताया कि वह फिलहाल सुरक्षित है, लेकिन माहौल तनावपूर्ण है।

**6 महीने पहले गए थे दुबई:** सुजीत छह महीने पहले परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से दुबई गए थे। उन्होंने बताया कि परिजनों से लगातार बातचीत हो रही है। रात की भयावह स्थिति को देखते हुए उन्होंने अपने फेसबुक पेज से कुछ पोस्ट किया था, जिसके कारण परिजन चिंतित थे। उन्होंने बताया कि रात में एक तरफ लगातार धमाके हो रहे थे और दूसरी तरफ मोबाइल नंबर पर अलर्ट रहने के सायरन बज रहे थे। इस वजह से वे रात 12 बजे से अब तक जगे हुए हैं। अचानक ऐसा माहौल बना कि संयुक्त अरब अमीरात (UAE) का सारा सिस्टम वहीं रुक गया। सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कमरों में वापस भेज दिया गया है, और अगले दो दिन (रविवार और सोमवार) तक वर्क परमिट भी जारी नहीं होगा।

**धमाके की आवाज से लोग सहमे:** एहतियात के तौर पर कुछ सार्वजनिक और पर्यटन स्थलों पर रोक लगा दी गई है। रात में हुए एक तेज धमाके की आवाज से लोग सहम गए थे, जिससे दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी जा रही है। युवक ने यह भी बताया कि अभी तक भारत लौटने के संबंध में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। भारतीय दूतावास की ओर से आपातकालीन नंबर जारी किए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिक संपर्क कर सकें। उसने अपने परिजनों को भरोसा दिलाया कि वह सतर्क है और सुरक्षित स्थान पर रह रहा है। चौसा स्थित उसके घर पर परिजन लगातार फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क बनाए हुए हैं। गांव के लोग भी हालचाल जानने के लिए परिवार के घर पहुंच रहे हैं। युवक की मां ने कहा कि बेटा सुरक्षित है, यही सबसे बड़ी राहत है, लेकिन हालात सामान्य होने तक चिंता बनी रहेगी।

**भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील:** स्थानीय लोगों ने केंद्र सरकार और भारतीय दूतावास से अपील की है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और जरूरत पड़ने पर उन्हें स्वदेश लाने की व्यवस्था की जाए। फिलहाल परिवार अपने बेटे की सलामती की दुआ कर रहा है और हालात जल्द सामान्य होने की उम्मीद जता रहा है।

# बिरजू हत्याकांड में नौ महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। आरा में पुलिस ने बिरजू हत्याकांड में फरार चल रहे वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है। बक्सर के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र से संजय यादव की गिरफ्तारी हुई है। कांट गांव का रहने वाला था। पिछले 9 महीने से फरार चल रहा था। अंबेडकर कॉलोनी, शिवगंज रोड मोहल्ला में 18 मई 2025 को गोली मारकर बिरजू की हत्या हुई थी। पुलिस के अनुसार, 18 मई 2025 को हथियारबंद अपराधी अंबेडकर कॉलोनी बाइक से पहुंचे थे। घर के बाहर बैठे सुदामा राम के पुत्र बिरजू राम(20) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी और परिजनों के बयान पर पुलिस ने सुधीर यादव, जितेंद्र यादव, जिलेंद्र यादव और अमित यादव समेत अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। शुरुआती जांच में इस हत्या के पीछे पुरानी रंजिश और शोध-प्रतिशोध की बात सामने आई थी।

**अब तक चार आरोपियों की हुई गिरफ्तारी:** इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं गिरफ्तार संजय कुमार यादव का नाम अनुसंधान के दौरान सामने आया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और टीम ने बक्सर जिले से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अन्य फरार आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जदयू जिलाध्यक्ष चुनाव में बवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान गोयल धर्मशाला का परिसर रणक्षेत्र में बदल गया। चुनाव प्रक्रिया के बीच लगे आरोपों के बाद समर्थक और विरोधी आमने-सामने आ गए, जिससे धक्का-मुक्की और नारेबाजी शुरू हो गई। विवाद तब भड़का जब चुनाव को प्रभावित करने के आरोपों के केंद्र में अशोक यादव का नाम सामने आया। कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप और इसे एकतरफा बनाने की कोशिश का आरोप लगाया। इन आरोपों के बाद अशोक यादव के समर्थक आक्रामक हो गए।

**दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक:** गेट के बाहर पहले तीखी बहस हुई, जो जल्द ही धक्का-मुक्की में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, "मारो-मारो" की आवाजों से पूरा परिसर गूंज उठा और अफरातफरी फैल गई। मौके पर मौजूद वर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह भी कार्यकर्ताओं से उलझते दिखे। विरोधी गुट ने संगठनात्मक लोकतंत्र की अनदेखी का आरोप लगाया, जबकि समर्थकों ने इसे विपक्षी गुट की साजिश बताते हुए आरोपों को खारिज कर दिया। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक चलती रही।

**कुछ देर के लिए चुनाव प्रक्रिया रोकी गई:** स्थिति बिगड़ती देख नगर थाना की पुलिस टीम मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भीड़ को हटाया और माहौल शांत कराया। कुछ देर के लिए चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई, लेकिन हालात सामान्य होने के बाद दोबारा मतदान शुरू कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई पूरी की गई। अशोक यादव ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे हमेशा से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ लोग जानबूझकर माहौल बिगाड़कर संगठन की छवि धूमिल करना चाहते हैं।

# नौलखा मंदिर में 50वां ब्रह्म उत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बिहार के बक्सर स्थित प्रसिद्ध नौलखा मंदिर में 50वां ब्रह्म उत्सव मनाया गया। इस स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भगवान वेंकटेश की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। रथ यात्रा की शुरुआत नौलखा मंदिर से हुई। सजे-धजे रथ पर भगवान वेंकटेश की प्रतिमा को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी सजावट के बीच विराजमान किया गया था। रथ के आगे ध्वज लेकर भक्तों का समूह चल रहा था, जबकि सैकड़ों श्रद्धालु रस्सियां पकड़कर रथ को खींच रहे थे। डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर भजन-कीर्तन किए गए। रथ यात्रा नौलखा मंदिर से निकलकर चरित्रवन, बसांव मठिया पंचमुखी मंदिर, टीचर कॉलोनी, लक्ष्मी नारायण मंदिर और श्रीनिवास मंदिर होते हुए त्रिदंडी स्वामी आश्रम पहुंची। आश्रम परिसर में भगवान वेंकटेश का विधि-विधान से गंगा स्नान कराया गया। इसके बाद शोभायात्रा के साथ प्रतिमा को पुनः नौलखा मंदिर लाया गया। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई और भंडारे आयोजित किए गए।

**संतों ने भक्तों को धर्म, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया:** इस अवसर पर दक्षिण भारत से संत श्रीधर स्वामी और मुंबई से कृष्णा मेहता मुख्य पुजारी के रूप में उपस्थित रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से शिवम स्वामी, अमित स्वामी तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्वामी राजगोपाल आचार्य ने भी आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं। संतों ने भक्तों को धर्म, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया। नौलखा मंदिर अपनी दक्षिण भारतीय वास्तुकला के लिए विख्यात है। इसकी नक्काशी और संरचना दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। मंदिर की स्थापना 1974 में त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की प्रेरणा से हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा उत्तर और दक्षिण भारत के 108-108 पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई थी।

# सेंट्रल जेल के मंदिर से गहने व मुकुट चोरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। सेंट्रल जेल परिसर में बीती रात चोरों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल परिसर स्थित वामनेश्वर मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरों ने भगवान वामन के चांदी का मुकुट, चांदी का पायल, पीतल के कई घंटे, इनवर्टर व बैटरी समेत लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली। बताया जाता है कि शुक्रवार को जेल के अंदर बंदी की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद जेल प्रशासन सीसीटीवी फुटेज की जांच और अन्य बंदियों से पूछताछ में जुटा था। इसी बीच मंदिर परिसर की निगरानी अपेक्षाकृत कम हो गई। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने इसी परिस्थिति का लाभ उठाया और मंदिर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार मंदिर का पुजारी संध्या आरती कर अपने घर चले गए थे। देर रात चोर मंदिर परिसर में घुसे और सबसे पहले उन्होंने मंदिर में लगे पीतल के घंटों को निशाना बनाया। इसके बाद वे गर्भगृह तक पहुंच गए और भगवान वामन की प्रतिमा से चांदी का मुकुट तथा पायल उतार लिए। पुजारी शनिवार सुबह जब पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने जेल प्रशासन को घटना की सूचना दी। बढ़ाई गई मंदिर परिसर की सुरक्षा, होमगार्ड तैनात घटना के बाद काराधीक्षक ज्ञानिता गौरव ने तत्काल प्रभाव से मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। फिलहाल वहां दो होमगार्ड्स की तैनाती कर दी गई है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। जेल प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि आखिर इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद चोर मंदिर तक कैसे पहुंच गए।

# वॉलीबॉल में चैंपियन बना हरियाणा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। दो दिवसीय शहीद विश्वंभर सिंह मेमोरियल डे-नाइट इंटर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन उत्साह, रोमांच और देशभक्ति के माहौल में हुआ। फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने उत्तर प्रदेश के चंदौली को लगातार तीन सेटों में पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम को 21 रुपये की नगद पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता शहीद विश्वंभर सिंह की स्मृति में आयोजित की गई थी, जो युवराजपुर के निवासी थे। वे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे और 22 फरवरी 1991 को पंजाब में आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। वे एक जांबाज अधिकारी होने के साथ-साथ उत्कृष्ट खिलाड़ी भी थे। उनकी स्मृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से हर वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। बता दें कि शहीद विश्वम्भर सिंह के पिता स्व रमाकान्त सिंह उर्फ एमएससी मास्टर साहब के पुत्र थे,जिनका बचपन डुमरांव में गुजरा। फाइनल तक पहुंचने का सफर भी बेहद रोमांचक रहा। पहले सेमीफाइनल में हरियाणा ने वाराणसी के विद्यापीठ को 25-19 और 25-21 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चंदौली ने बिहार को 25-22 और 25-19 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और झारखंड की प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लिया। कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता को उच्च स्तर प्रदान किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मैन ऑफ द मैच का खिताब हरियाणा के रूपेश को मिला, जबकि मैन ऑफ द सीरीज चंदौली के बाबू बने। बेस्ट लिबेरो का पुरस्कार हरियाणा के आकाश और बेस्ट अटैकर का सम्मान चंदौली के सूरज को प्रदान किया गया। यूपी के युवराजपुर में आयोजित मैच में डुमरांव (बिहार) के समाजसेवी रामनाथ तिवारी, द इकोनॉमिक्स टाइम्स के नेशनल पॉलिटिकल ब्यूरो संजय सिंह,कमलेश सिंह, युवराजपुर निवासी चर्चित स्क्रिप्ट लेखक शांति भूषण पटेल सहित गाजीपुर जिले के विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के प्रिय रंजन सिंह, रूपेश कुमार सिंह, डॉ शमी कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, चंदन सिंह, राहुल अमन सिंह, विकाश सिंह बादल, सोनू सिंह, शिवजीत सिंह, विवेक सिंह, कन्हैया तिवारी, पुनीत सिंह तथा गांव के सभी लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ शहीद की स्मृति को सम्मानपूर्वक जीवित रखने का प्रेरक प्रयास साबित हुआ।

# होली समाज में आपसी सद्भाव, और प्रेम को मजबूत करता हैं : श्रीदेवराहाशिवनाथ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा**। शहर में होली पर्व को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान होली मिलन समारोह और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपसी सौहार्द और नशामुक्ति का संदेश दिया गया। रमना के मानस मंदिर परिसर में श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज के नेतृत्व में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी लोगों ने संतश्री के चरणों में गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संतश्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व समाज में आपसी सद्भाव, सौहार्द और प्रेम को मजबूत करता है। समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह, महासचिव शंभू प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, गोकुल सिंह, सचिव सुधीर कुमार सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, मीडिया प्रभारी संजीव कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी सन्नी पांडे, नवीन प्रकाश, हर्ष राज मंगलम, रोहित सिंह बजरंगी सहित समिति के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। दूसरी ओर सामाजिक सुरक्षा कोषांग भोजपुर जनहित परिवार के तत्वावधान में वीर कुंवर सिंह रमना मैदान के स्टेडियम गेट के पास नशा मुक्त होलिया मनाईं ए भाई जी नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से शराबबंदी और नशा मुक्ति का संदेश दिया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम संयोजक रंगकर्मी सरफराज अहमद ने कहा कि नशा व्यक्ति और परिवार दोनों को बर्बाद कर देता है, इसलिए लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए नंदकिशोर सिंह कमल ने लोगों से होली का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ नशामुक्त होकर मनाने की अपील की। नाटक में साधना श्रीवास्तव, अनीता देवी, शालिनी श्रीवास्तव आदि थे।

# भवन निर्माण विभाग के टेंडर में धांधली का आरोप, हंगामा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भवन निर्माण विभाग (भवन प्रमंडल, आरा) में शनिवार को निविदा प्रक्रिया के दौरान संवेदकों (ठेकेदारों) ने विभागीय अधिकारियों पर जानबूझकर प्रक्रिया से बाहर रखने और टेंडर बॉक्स तक न पहुंचने देने का गंभीर आरोप लगाया है। बता दे कि भवन प्रमंडल आरा द्वारा अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 5-2025-26 जारी की गई थी। इसके तहत आरा और आसपास के इलाकों में विभिन्न सरकारी भवनो जैसे वीवीपीएटी गोदाम, एसडीएम आवास पीरो, सिविल कोर्ट आदि के मरम्मत और पेंटिंग के कुल 9 कार्यों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। सूचना के अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 28 फरवरी की दोपहर 3 बजे तक और निविदा खोलने का समय 28 फरवरी को ही अपराह्न 3.30 बजे का समय था। अधीक्षण अभियंता को सौंपे गए एक लिखित शिकायत पत्र में संवेदक रक्षित परमार, मुकेश कुमार चौधरी, विशाल सिंह, शुभम कुमार, बृजकिशोर सिंह, मनोज कुमार राय, विकास कुमार, अजीत कुमार सिंह, रवीश कुमार और अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें गुमराह किया गया। संवेदकों का कहना है कि विभाग ने पहले टेंडर रद्द होने की अफवाह उड़ाई, फिर दबाव बनाने पर ओ-ग्रास चालान जमा करवाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## जनता दरबार में आए 12 मामले, चार का निष्पादन

**गड़हनी**। स्थानीय प्रखंड के अंचल कार्यालय में लगे जनता दरबार में 12 आवेदन। जिसमे चार मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। सभी मामले भूमि विवाद संबंधित था। जनता दरबार में गड़हनी सीओ उपस्थित नहीं थी जिसके कारण जनता दरबार आर ओ राघव सिंह व सी आई अनिल सिंह के देख रेख में लगाया गया। अंचल में तिन थाना पड़ता है चरपोखरी, गड़हनी व आयर । गड़हनी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर , असलान, मंदुरा, शांतिनगर व बगवां से पांच मामला। चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी से तीन मामला , आयर थाना क्षेत्र के मोरसिया, भेड़री व इचरी से 4 मामला जनता दरबार में आया है। चार मामलों का निष्पादन किया गया है। जिसमे गड़हनी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी लालबहादुर राय व असलान निवासी शिवनारायण सिंह के बीच भूमि संबंधित विवाद कई सालों से चल रहा था लेकिन तीसरा जनता दरबार में दोनों पक्षों को बुलाकर मामला को आपसी सहमति से सुलझा दिया गया। वहीं शांतिनगर से उमेश कुमार गुप्ता मेहंदी मुसहर के बीच जमीन का मामला चल रहा था। जनता दरबार में कभी एक पक्ष के लोग उपस्थित हो रहे थे जिसके चलते मामला की सुनवाई नहीं हो पा रहा था लेकिन आज चौथा जनता दरबार में दोनों पक्ष उपस्थित और मामला का निष्पादन कर दिया गया। वहीं आयर थाना क्षेत्र के मोरसिया गांव का मामला सुदर्शन सिंह रामप्रवेश सिंह के बीच करीब दो सालों से चल रहा था।

## अमृतसर-पटना होली स्पेशल ट्रेन का बक्सर में भी ठहराव

**बक्सर**। होली के त्योहार पर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए अमृतसर–पटना–अमृतसर आरक्षित होली स्पेशल ट्रेन (04664/04663) चलाने की घोषणा की है। इस विशेष ट्रेन के बक्सर में ठहराव से जिले के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 04664 अमृतसर–पटना स्पेशल ट्रेन अमृतसर से चलकर अगले दिन सुबह 10:50 बजे बक्सर स्टेशन पहुंचेगी और महज दो मिनट के ठहराव के बाद 10:52 बजे पटना के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं वापसी में 04663 पटना–अमृतसर स्पेशल पटना से शाम 4 बजे खुलकर शाम 5:58 बजे बक्सर पहुंचेगी तथा 6 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अमृतसर से 27 फरवरी, 02 मार्च और 05 मार्च को तथा पटना से 28 फरवरी, 03 मार्च और 06 मार्च को चलाई जाएगी। ट्रेन में एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी। होली के मौके पर पंजाब सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोग अपने घर बक्सर और आसपास के इलाकों में आते हैं। ऐसे में इस स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना आरक्षण सुनिश्चित कर लें, ताकि यात्रा सुगम हो सके।

## संभावना स्कूल में मना होली मिलन समारोह

**आरा**| शहर के मौलाबाग स्थित 'शारदा स्मृति' संभावना पब्लिक स्कूल एवं शांति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने भी छात्र छात्राओं के साथ अबीर-गुलाल लगाकर होली मनाई। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। हमें इस पर्व को शांति और सद्भाव के साथ मनाना चाहिए।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम शिक्षक एवं छात्र में हुए सम्मानित

**आरा**| प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान एवं गणित मेला में भोजपुर जिले के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने 25 फरवरी को शिक्षकों एवं छात्रों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 26 फरवरी को आयोजित मेले में छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिन्हें निर्णायक मंडल ने सराहनीय प्रोत्साहन दिया। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वापसी पर चंदन प्रभाकर ने पूरी टीम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सम्मानित होने वालों में इस अवसर पर विजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार शर्मा, अरुण कुमार सिंह, नीति श्रीवास्तव, गुड्डू कुमार सिंह एवं आशुतोष रंजन सहित अन्य थे। गणित विषय में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मटियारा (कोईलवर) से अन्नू कुमारी व अभिषेक कुमार तथा विज्ञान विषय में मध्य विद्यालय, मानसागर (चरपोखरी) से सिद्धि कुमारी व अनिशा कुमारी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।

## जनता दरबार में छह मामलों में 5 का निष्पादन

**कोईलवर**| जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर कोईलवर अंचल के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कोईलवर, चांदी एवं गीधा थाना क्षेत्र से कुल छः मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से पाँच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक मामले में आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण तत्काल समाधान नहीं हो सका। जनता दरबार की अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी राजभूषण सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर

**आरा**। भोजपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौत हो गई। जबकि पत्नी, बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। मृतक उत्तम उपाध्याय बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के रहने वाले थे। पेशे से बिजली मिस्त्री थे। पत्नी और बच्चों के साथ धोबहा के धर्मपुरा गांव अपने ससुराल जा रहे थे। घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव की है।

**घर में मचा कोहराम:** टाउन पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुत्र आयुष कुमार (7) और पुत्री अदिती कुमारी(5) को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। जबकि पत्नी पिंकी देवी(28) का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट' का आयोजन

**आरा**। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रो. अमृतांशु रौशन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम से पंचम स्थान तक पुरस्कार राशि, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि षष्ठम से दशम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाया जाता है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। सफल संचालन डॉ. मनीषा कुमारी के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि जनसम्पर्क संघ की नोडल अधिकारी डॉ. नेहा का भी अहम योगदान रहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर से टेंपो चोरी

**मसौढ़ी**। थाना क्षेत्र के तारेगंना मठ मुहल्ले में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर से टेंपो की चोरी कर ली. जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तारेगना मठिया निवासी महेंद्र महतो की पत्नी डिम्पल कुमारी ने अपनी टेंपो रोज की तरह रात में घर के बाहर में खड़ा किया था.सुबह उठने पर वाहन गायब मिला. इसके बाद उन्होंने तत्काल मसौढ़ी थाना पुलिस को सूचना दी. सुबह वाहन नहीं मिलने पर आसपास खोजबीन की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है.पुलिस भी टेंपो की बरामदगी को लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### पटना जू में बड्र्स की 24 घंटे मॉनिटरिंग, बर्ड फ्लू को लेकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**पटना**। पटना जू बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अलर्ट मोड में आ गया है। पटना जू में कई एहतियात बरते जा रहे हैं। मोर और अन्य पक्षियों के केज के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। पक्षियों की देखभाल करने वाले सभी कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराया गया है। बाड़ों से बाहर निकलने के बाद कर्मियों को खुद को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। मेन गेट पर पोटाशियम परमैगनेट से फूट वॉश अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि संक्रमण अंदर न आ सके। पक्षियों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी हो रही है। जानवरों के खान-पान में भी बदलाव किया गया है। एवियरी सेक्शन में मांसाहारी पक्षियों को अब चूजों की जगह चूहे दिए जा रहे हैं। वहीं, जानवरों की खुराक से चिकन को हटाकर वैकल्पिक आहार शामिल किया गया है। पटना जू प्रशासन का कहना है कि पशु-पक्षियों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। 2018 में 6 मोरों की मौत के बाद H5NA वायरस की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद जू को करीब 20 दिनों तक बंद रखना पड़ा था। इसे लेकर ऐहतियात बरते जा रहे हैं। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। 7 मार्च तक दर्शकों के लिए पटना जू में एंट्री नहीं है। बर्ड फ्लू के एहतियातन यह फैसला लिया गया है। पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग के जू-सेक्टर पार्क और पटना हाईकोर्ट परिसर में कौओं और मुर्गियों की अचानक मौत के बाद H5N1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। H5N1 बर्ड फ्लू को कोरोना से भी खतरनाक माना जाता है। इसका जानवरों से इंसानों में फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। इधर, ऐसे मामले सामने आने के सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।

### नशे में मारपीट, 5 घायल, सभी एक ही परिवार के, बुजुर्ग बोला- शराब पीकर आया आरोपी, पूरे परिवार को पीटा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जुड़ावनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी राम के 70 वर्षीय पुत्र शिवाजी राम, शिवाजी राम के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश राम, रविंद्र राम की 30 वर्षीय पत्नी नीलम देवी, पप्पू राम के 21 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार और रविंद्र राम के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। शिवाजी राम ने बताया कि उनका बेटा शिवचंद्र राम अक्सर शराब पीकर आता है और उनके साथ गाली-गलौज करता है। शुक्रवार शाम जब शिवाजी राम अपने दरवाजे पर बैठे थे, शिवचंद्र शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। जब शिवाजी राम ने उससे बेवजह गाली देने का कारण पूछा, तो शिवचंद्र ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उनके दूसरे बेटे, बहू और पोते उन्हें बचाने आए, तो शिवचंद्र ने उन्हें भी पीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। मारपीट में कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।

### किराना स्टोर में लूटपाट, 2 लाख रुपए- सोने की चेन छीनी, 15 लड़कों ने डंडों से किया हमला, दुकानदार घायल

**हाजीपुर**। वैशाली के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित पासवान चौक के पास शनिवार दोपहर कृष्णा किराना जनरल स्टोर में लूटपाट हुई। बदमाशों ने दुकानदार आदित्य राज के साथ मारपीट भी की, जिसमें वह घायल हो गए। घायल दुकानदार आदित्य राज ने बताया कि वीर चूहारमल नगर निवासी उमेश पासवान का पुत्र विकास पासवान उनकी दुकान पर कभी नहीं आया था। शनिवार दोपहर विकास दुकान पर आया और पांच शैम्पू मांगे। जब आदित्य ने शैम्पू देने की बात कही, तो विकास ने बदतमीजी से बात करना शुरू कर दिया। आदित्य के पूछने पर कि वह ऐसा क्यों बोल रहा है, विकास ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विकास ने आदित्य के गाल से 2 लाख रुपए नगद और उनके भाई के गले से सोने की चेन छीन ली। जब आदित्य ने शोर मचाया, तो विकास के साथ 14 से 15 अन्य लड़के भी आ गए। सभी ने मिलकर ईंट, पत्थर और डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। जब तक आसपास के लोग इकट्ठा होते, तब तक सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर लौट गई।

### प्रेमिका संग भाग रहे युवक को परिजन ने पकड़ा, महिला ने चप्पल से पीटा, पुलिस बचाकर ले गई थाने

**हाजीपुर**। वैशाली में गोरौल चौक के पास प्रेमिका के साथ भाग रहे एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। उसके बाद सब ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर थाने ले आई। प्रेमी-प्रेमिका बाइक से भाग रहे थे। लड़की के परिवार वालों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों का पीछा किया। गोरौल चौक ओवरब्रिज के पास उन्हें पकड़ लिया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और युवक की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने गोरौल थाना को सूचित किया। अवर निरीक्षक राहुल कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाने ले आए। युवकों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा गांव निवासी अमित कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लड़की की मां लड़के को पकड़कर चप्पल से पीटते नजर आ रही है। वहीं वो बेलते हुए सुनाई दे रही की तुमको मना किए थे न...। इसके बाद वहां मौजूद लोग भी युवक को हाथ- मुक्का से मारने लगे। पुलिस के अनुसार, अमित की मौसी प्रेमिका के गांव में रहती हैं, जिसके कारण अमित का वहां अक्सर आना-जाना था। वह अपने दोस्त राहुल को भी साथ लाता था। दोनों बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को भगाकर शादी करने की नीयत से ले जा रहे थे। पकड़े जाने के बाद लड़की के परिवार वाले उसे अपने साथ घर ले गए। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोनों युवकों को पूछताछ के लिए थाने में रखा गया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में रेल पुलिस का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में रेल पुलिस के एक जवान को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। सीआरपीएफ कैंप के बाहर से पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद अहियापुर पुलिस को सौंप दिया गया है। झपहां स्थित कैंप में 27 फरवरी को रेल पुलिस का वार्षिक लक्ष्याभ्यास चल रहा था। इसी दौरान, कैंप के मेन डोर पर वर्दी में एक व्यक्ति ने अंदर जाने का प्रयास किया। वहां तैनात कर्मियों को उसकी हरकतों से शराब के नशे में होने का संदेह हुआ। सूचना मिलने पर रेल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ में जवान की पहचान रेल जिला मुजफ्फरपुर में तैनात पीटीसी-65 ज्ञानदेव दास के रूप में हुई। शरीर से शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसके बाद तुरंत अहियापुर थाना ले जाया गया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई जांच में ज्ञानदेव दास के शरीर में 78.4 mg/100 ml अल्कोहल की पुष्टि हुई। पुष्टि के बाद, रेल पुलिस ने आरोपी जवान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अहियापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार में शराबबंदी कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है।

# पटना नगर निगम में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के लिए नई वर्दी नीति लागू, होली के बाद होगा वितरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना नगर निगम ने अपने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के लिए नई वर्दी नीति को मंजूरी दे दी है। निगम प्रशासन की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके बाद अब होली के बाद सभी पात्र कर्मियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। इस निर्णय से निगम के विभिन्न अंचलों और मुख्यालय में कार्यरत कुल 4866 कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

**स्थायी और दैनिक कर्मियों को समान रूप से मिलेगा लाभः** निगम में वर्तमान में 1025 स्थायी और 3841 दैनिक कर्मी कार्यरत हैं। नई व्यवस्था के तहत दोनों श्रेणी के कर्मचारियों को समान रूप से वर्दी दी जाएगी। प्रत्येक वर्ष वर्दी उपलब्ध कराने का प्रावधान पहले से मौजूद है, लेकिन इस बार इसे व्यवस्थित और निर्धारित मानकों के अनुसार लागू किया जा रहा है।

**पुरुष और महिला कर्मियों के लिए अलग-अलग वर्दी पैकेजः** योजना के अनुसार पुरुष कर्मचारियों को दो सेट फुल पैंट-शर्ट और एक जोड़ी जूते दिए जाएंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को दो साड़ी, दो पेटीकोट, दो ब्लाउज और एक जोड़ी जूते उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्दी की दरें वित्त विभाग द्वारा तय मानकों के अनुरूप निर्धारित की गई हैं, ताकि गुणवत्ता और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित हो सकें।



**पहचान, अनुशासन और पेशेवर छवि पर जोरः** निगम प्रशासन का मानना है कि वर्दी लागू होने से कर्मचारियों की पहचान स्पष्ट होगी और कार्यस्थल पर अनुशासन व एकरूपता बनी रहेगी। खासकर स्वच्छता और जनसंपर्क से जुड़े कार्यों में यह कदम पेशेवर छवि को मजबूत करेगा। आम नागरिकों के लिए भी निगम कर्मियों की पहचान आसान हो सकेगी, जिससे शिकायत और सुझाव की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। मेयर सीता साहू ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और कार्यसंस्कृति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। होली के बाद कार्यादेश जारी किया जाएगा और चार से पांच दिनों के भीतर वर्दी का वितरण पूरा कर लिया जाएगा। वर्ष 2024 में कुछ कर्मचारियों को वर्दी के बदले नगद राशि दी गई थी, लेकिन इस बार प्रत्यक्ष रूप से वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी।

**1.37 करोड़ से अधिक की लागत का अनुमानः** निगम के आकलन के अनुसार एक पुरुष कर्मचारी पर वर्दी और जूते सहित लगभग 2877 रुपए खर्च होंगे, जबकि एक महिला कर्मचारी पर करीब 2373 रुपए का व्यय अनुमानित है। कुल 4317 पुरुष कर्मियों पर लगभग 1.24 करोड़ रुपए और 549 महिला कर्मियों पर करीब 13 लाख रुपए से अधिक खर्च होने की संभावना है। इस तरह वर्दी आपूर्ति पर कुल लगभग 1 करोड़ 37 लाख 22 हजार 786 रुपए खर्च होने का अनुमान है। निगम प्रशासन का कहना है कि यह पहल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ शहर में स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यप्रणाली को मजबूती देगी।

# एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा में डॉ. मुकेश कुमार ओझा सम्मानित

## संस्कृत सेवा के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा में आयोजित 'शब्द-कोश रचना एवं अनुवाद (भारतीय ज्ञान परंपरा)' विषयक तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. मुकेश कुमार ओझा को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी. बी. शर्मा एवं निदेशक प्रो. संजय कुमार झा ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। डॉ. ओझा वर्तमान में विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव, फिरोज गांधी महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा 'आधुनिको भव संस्कृतं वद' अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। डॉ. ओझा को इससे पूर्व सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 'संस्कृत सेवा सम्मान' से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त मगध विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, हिंदी साहित्य सम्मेलन बिहार, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, संस्कृत अकादमी पटना तथा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. मुकेश कुमार ओझा वर्ष 1986 से सरल पद्धति के माध्यम से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे



निरंतर दश-दिवसीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर आयोजित करते रहे हैं। कोरोना काल के बाद उन्होंने 41 ऑनलाइन संस्कृत संभाषण शिविर भी संचालित किए, जो आगे भी जारी रहने वाले हैं। इस सम्मान से संस्कृत प्रेमियों और शिक्षाविदों में हर्ष की लहर है तथा इसे भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# दो हजार लीटर से अधिक जावा महुआ किया नष्ट, 100 लीटर देशी शराब जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**! होली को लेकर शराब के धंधेबाजों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान, चोरी - छुपे महुआ शराब बनाया जा रहा है.इसके विरुद्ध पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक अभियान छेड़ा गया है।हर रोज इलाके के विभिन्न स्थानों खासकर शराब बनाने के अड्डे पर छापेमारी हो रही है और बड़े पैमाने पर जावा महुआ व अर्द्धनिर्मित शराब जब्त कर विनष्ट की जा रही है।भट्ठी भी तोड़ी जा रही है। निर्मित शराब जप्त हो रही है लेकिन धंधेबाज मान नही रहे हैं।शराब का धंधा चल रहा है। रविवार की भी दोपहर लहसुना थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शराब के धंधेबाजों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया।पुलिस कर्मियों की टीम गांव, टोले, खेत - बधार में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान ड्रम एवं जरकिनों में छुपाकर रखा हुआ दो हज़ार लीटर से अधिक जावा महुआ मिला जिसे पुलिसकर्मियों ने नष्ट किया।साथ ही 100 लीटर





निर्मित शराब भी जप्त हुई। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने जानकारी दी कि पिछले एक सप्ताह से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बड़े पैमाने पर जावा महुआ जप्त कर नष्ट किया गया।शराब तस्करों के द्वारा महुआ शराब बनाने की तैयारी की गई थी.

# 'नीट रेप-मौत केस में पॉक्सो क्यों नहीं लगाया'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना में NEET छात्रा मामले में गिरफ्तार बिल्डिंग के मालिक मनीष रंजन की जमानत याचिका पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई ढाई घंटे तक चली। मनीष रंजन को कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। अब याचिका पर 2 मार्च को सुनवाई होनी है। CBI को आज भी कोर्ट ने फटकार लगाई है। CBI से पूछा है कि आपने पॉक्सो क्यों नहीं लगाया? 17 जनवरी तक केस की जांच चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार रौशनी कर रही थी, फिर SIT ने जांच की।

इसके बाद 12 फरवरी को CBI ने 307 का केस दर्ज किया। CBI को जांच करते हुए 15 दिन हुए। कोर्ट ने पूछा कि मनीष रंजन को लेकर अब तक आपने क्या जांच की? क्या आपको मनीष रंजन की जरूरत है? आपने अपने केस में तो पॉक्सो एक्ट लगाया नहीं है। आपके पास तो अटेम्प्ट टू मर्डर का केस है। इस पर आप जवाब दीजिए कि मनीष रंजन की जरूरत आपको है या नहीं? SIT से भी यही सवाल कोर्ट ने पूछा। कोर्ट ने कहा कि मनीष पर आरोप क्या है? इसके खिलाफ सबूत क्या है? SIT ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये प्रभाशाली व्यक्ति हैं। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब हमें इनकी जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब जांच CBI कर रही है। सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार भी मौजूद था।

**रौशनी और एसआईटी के बयान अलग-अलग थेः** कोर्ट ने केस चित्रगुप्त नगर की



तत्कालीन थानेदार और शुरुआत में IO रही रौशनी कुमारी से कई सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि आपने कितनी तारीख तक केस की जांच की? मनीष रंजन पर क्या आरोप है? इसके खिलाफ क्या सबूत मिले? आपने अपनी जांच में क्या-क्या जब्त किया? सबूतों को 24 घंटे में कोर्ट में क्यों नहीं पेश किया? रौशनी ने छात्रा का मोबाइल और हॉस्टल का DVR जब्त किया था। कोर्ट ने पूछा कि इसे आपने अपने पास क्यों रखा? FSL जांच क्यों नहीं कराई? कोर्ट से इसकी अनुमति क्यों नहीं ली? अपना पक्ष रखते हुए रौशनी ने कहा कि मैंने सभी चीज SIT को 17 जनवरी को सौंप दिया था। मौके पर ही SIT ने कहा कि नहीं, हमें 24 जनवरी को मिला था। दोनों के बयान मेल नहीं खाए। पीड़ित पक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इन लोगों ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुआ है। SIT को लीड कर सचिवालय SDPO-1 डॉ. अन्नू कुमारी से भी सवाल किया गया है। मनीष रंजन

- **कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार, एसआईटी-एजेंसी से पूछा- आपको मनीष रंजन की जरूरत है या नहीं**

कब-कहां थे? वो बिहार से बाहर कब गए? उन्हें कब पकड़ा? उनका स्टेटमेंट क्या था? सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट को डॉ. अन्नू ने बताया कि CDR खंगाला गया है। उससे इनके लोकेशन को मिलाया गया है।

**स्टाफ बोली-बेहोश थी, शरीर पर खरोंच थेः** पटना में NEET छात्रा मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम शुक्रवार को प्रभात अस्पताल पहुंची। एक महिला स्टाफ से 5 घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने पूछा कि जब छात्रा हॉस्पिटल आई तो उसकी क्या हालत थी। क्या देखा उस वक्त? महिला स्टाफ ने कहा, वह बेहोशी की हालत में थी? उसके शरीर पर खरोंच के निशान थे।

महिला स्टाफ ने यह भी कहा कि अस्पताल में यह चर्चा चल रही थी कि उसके साथ घिनौनी हरकत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की बात लिखी गई है। अस्पताल ने उसके मौत की वजह नशीली दवा के ओवरडोज की बात लिखी थी। यह कैसे लिखी गई और क्यों लिखी गई, इसका जवाब तो लैब के स्टाफ देंगे। महिला स्टाफ ने आगे कहा कि, 'यह हम कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट बदला गया या नहीं?'

# होलिका दहन से पहले अग्निशमन महकमा हाई अलर्ट पर




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। होलिका दहन के मद्देनजर अग्निकांड की संभावनाओं को देखते हुए पटना में अग्निशमन विभाग ने व्यापक तैयारी की है। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तरह की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं और कर्मियों को अलर्ट मोड में रखा गया है।

**पटना को चार जोन में बांटकर तैनात की गई फोर्सः** सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए पटना शहर को चार जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में विशेष टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल मिलाकर करीब 435 अग्निशमन कर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसकी निगरानी जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं।

**दो मिनट के भीतर रिस्पांस का लक्ष्यः** अग्निशमन विभाग ने शहर के सभी संवेदनशील इलाकों की पहले से रूट मैपिंग कर ली है। सड़कों, गलियों और मुख्य मार्गों की कनेक्टिविटी को चिन्हित कर ऐसी व्यवस्था की गई है कि किसी भी सूचना पर अधिकतम दो मिनट के भीतर टीम घटनास्थल तक पहुंच सके। विभाग का दावा है कि त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सभी वाहन और उपकरण पूरी तरह तैयार स्थिति में हैं।

**445 संवेदनशील स्थल चिन्हितः** विभाग ने शहर में 445 ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है। इनमें वे इलाके शामिल हैं जहां पास में हाईराइज इमारतें हैं, प्रमुख चौक-चौराहे हैं, पेट्रोल पंप, वेंडिंग जोन या अन्य महत्वपूर्ण स्थल स्थित हैं। इन स्थानों पर अग्निशमन वाहनों की विशेष तैनाती की गई है।

**एरिया डोमिनेशन और जागरूकता अभियानः** अग्निशमन टीमों ने गली-मोहल्लों में जाकर लोगों को सुरक्षित तरीके से होलिका दहन करने के लिए जागरूक किया है। मिक्स्ड टेक्नोलॉजी बाइक के माध्यम से एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि संकरे इलाकों में भी तुरंत पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

**निगरानी और सख्त कार्रवाई की चेतावनीः** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि जहां-जहां कर्मियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वहां उनकी उपस्थिति और सक्रियता की नियमित जांच की जाएगी। नोडल पदाधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करेंगे कि सभी कर्मी समय पर अपनी-अपनी लोकेशन पर मौजूद रहें। किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अग्निशमन विभाग का कहना है कि त्योहार के दौरान नागरिक भी सावधानी बरतें, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके और होलिका दहन शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो।

# बच्चा चोरी का आरोप लगाकर महिला की पिटाई, अफवाह के बाद भीड़ में फंसी पीड़िता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी में बच्ची चोरी की अफवाह पर एक महिला को भीड़ ने पीट दिया। लोगों ने बच्चा चोरी का आरोप पीड़िता पर लगाया था। कुछ लोग शोर मचाने लगे थे, इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। जिसके बाद बिना कुछ सोचे-समझे महिला की पिटाई कर दी गई। महिला की बात कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। इसी बीच किसी ने डायल-112 की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को भीड़ से निकाला। इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगरा इलाके की है।



**महिला को कई जगह लगी चोटेंः** चिकित्सकों ने बताया कि महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं, लेकिन उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। उसका इलाज जारी है। मालसलामी थाना के पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में महिला निर्दोष पाई गई है। बच्चा चोरी की बात पूरी तरह अफवाह साबित हुई है। अधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने अफवाह फैलाई, जिसके कारण यह घटना हुई।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्जः** पुलिस ने अफवाह फैलाने और कानून हाथ में लेने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने और हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### होली पर्व पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम, प्रेम और पवित्रता का दिया संदेश




**रांची।** होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बागान हरमू स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली का पर्व हमें पुरानी बातों और मनमुटाव को भुलाकर नई शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि "जो बीत गई वह बात गई" के संदेश के साथ होली क्षमा, प्रेम और सकारात्मक जीवन दृष्टि अपनाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सच्चे अर्थों में होली आत्मा को शांति, प्रेम और पवित्रता के रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पवित्रता ही जीवन परिवर्तन का मूल आधार है, जिससे व्यक्ति के विचार और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मिक जागरण और आंतरिक परिवर्तन का माध्यम हैं। वहीं अमित अग्रवाल और सुनील गुप्ता ने होली को आंतरिक विकारों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने का प्रतीक बताया। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि परमात्मा के ज्ञान और राजयोग का रंग अविनाशी होता है, जो आत्मा को स्थायी शांति और सुख प्रदान करता है। उन्होंने सभी को आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को गाइडेड मेडिटेशन कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर मनमोहन मोहता, मुकेश जाजोदिया, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश के साथ किया गया।

### झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल



**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। आयु सत्यापन के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि चयन ट्रायल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों के खेल पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### फरार दो वारंटी गिरफ्तार





**खूंटी।** जिले के अड़की थाना की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर दोनों आरोपितों को धर दबोचा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अड़की थाना कांड (संख्या-14/11, ST-215/14, GR-153/11) के आरोपित राबर्ट मुंडा (32) को गिरफ्तार किया गया। वहीं अड़की थाना कांड (संख्या-21/11, ST-61/12, GR-223/11 )के आरोपित मनसिद नाग उर्फ एसी मनसिद (35) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित 2011 से फरार चल रहे थे। इनके विरुद्ध अड़की थाना से स्थायी वारंट निर्गत था। पुलिस लगातार इनकी तलाश में जुटी थी, लेकिन दोनों लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। हाल के दिनों में पुलिस को इनके क्षेत्र में सक्रिय होने की गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वारंटियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद थाना लाकर पूछताछ की गई तथा विधि सम्मत कार्रवाई पूरी की गई।

# पीड़िता के घर पर बमबाजी, सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप सुरक्षा की मांग

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सरजमदा स्थित कुम्हार टोला की निवासी प्रिया देवी ने अपने पति की हत्या मामले में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब गंभीर सुरक्षा खतरे की आशंका जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके परिवार को धमकाने के उद्देश्य से उनके घर के बाहर बम फेंका गया। प्रिया देवी के पति स्वर्गीय संजीव सिंह की वर्ष 2016 में गोविंदपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गोविंदपुर थाना (कांड संख्या 66/2016) दर्ज हुआ था और सत्र विचारण संख्या 402/2017 के रूप में मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम, जमशेदपुर की अदालत में चला। न्यायालय ने 21 जनवरी 2026 को दो आरोपितों को दोषी ठहराते हुए 27 जनवरी 2026 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पीड़िता का कहना है कि फैसले के बाद से ही दोषियों से जुड़े लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। हाल ही में उनके घर के बाहर देर रात बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने बम जलाकर फेंक दिया। इस घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। प्रिया देवी ने बताया कि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बाइक पर सवार दो लोग आते हैं, बम में आग लगाते हैं और उसे घर के बाहर फेंककर फरार हो जाते हैं। उन्होंने यह सीसीटीवी फुटेज संबंधित पुलिस अधिकारी को सौंप दिया है और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि यह हमला उन्हें और उनके परिवार को डराने-धमकाने के उद्देश्य से किया गया है ताकि वे कानूनी प्रक्रिया से पीछे हट जाएं। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को जान-माल का गंभीर खतरा है। प्रिया देवी ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उनके घर पर स्थायी पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा न्यायालय आने-जाने के दौरान भी सुरक्षा दी जाए, ताकि वे बिना भय के कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सकें और अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी सकें।

## समाजसेवी मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन

**एजेंसी | खूंटी**



खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड में समाजसेवी स्वर्गीय मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुरहू स्थित महर्षि मेंही आश्रम शान्तिपुरी शबरी कुटिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र संतोष भगत, सुधीर भगत, सकलदीप भगत तथा सुपुत्री सुजाता जायसवाल द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। सत्संग के दौरान स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को वास्तविक शांति सत्य के मार्ग पर चलने, ईश्वर का निरंतर स्मरण करने और परोपकार की भावना अपनाने से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सत्कर्म और सेवा भाव ही मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन एवं मोक्ष की ओर ले जाते हैं। स्वर्गीय मदन भगत की आत्मा की शांति तथा परिजनों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के संजय कुमार, सूरजमल साव, डॉ. डीएन तिवारी, बीरु कुमार, सुरेश प्रसाद, सुबोध साव, संतोष गुप्ता, सूरज गुप्ता, राम हरि साव सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर लोगों ने स्वर्गीय मदन भगत के सामाजिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# अचानक घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**



एमजीएम थाना के गाजाडीह इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक घर में आग लग गई। पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद के एस्बेस्टस निर्मित मकान में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय भुनेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी लक्की प्रसाद मजदूरी करने बाहर गए हुए थे, जबकि घर में उनकी बेटी अकेली थी। बेटी ने बताया कि वह दूसरे कमरे में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे आग की लपटें दिखाई दीं। आग किस कारण से लगी, इसका उसे पता नहीं चल पाया। कुछ ही देर में धुआं और लपटें पूरे घर में फैल गईं। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाहर निकली और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन गली संकरी होने के कारण अग्निशमन वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अगलगी में घर में रखा टीवी, कपड़े, बर्तन, आवश्यक कागजात तथा बहन की शादी के लिए रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घर में रखी नकद राशि भी आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना में लगभग दो लाख रुपये तक की क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग को स्थानीय लोगों के सहयोग से बुझा लिया गया है। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगा रही है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## आईईडी विस्फोट में घायल सहायक कमांडेंट सहित दो जवान हेलीकॉप्टर से लाए गए रांची, इलाजरत

**एजेंसी | रांची**



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में रविवार तड़के सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित माओवादी संगठन भाकपा (माओवादी) के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट समेत तीन जवान घायल हो गए। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार सुबह करीब पांच बजे सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे कांबिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान मरांगपोंगा क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आकर कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक, हेड कांस्टेबल विक्रम यादव तथा एक अन्य जवान संजीव घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद तीनों घायल जवानों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। उन्हें शहर के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों जवानों की हालत स्थिर बनी हुई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि क्षेत्र में किसी बड़े नक्सली नेता की मौजूदगी हो सकती है। इसके मद्देनजर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मुठभेड़ में नक्सलियों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। महानिरीक्षक (अभियान) माइकल राज एस ने पुष्टि करते हुए बताया कि घायल तीनों जवानों को रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति स्थिर है। सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान फिलहाल जारी है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ ऑपरेशन चला रहे हैं।

## जमशेदपुर में सैलून संचालक ने दुकान में लगाई फांसी, पारिवारिक विवाद से तनाव की आशंका



**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूडीह शंकर नगर रोड नंबर-1 निवासी मिथिलेश ठाकुर (39) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मिथिलेश ठाकुर शनिवार देर शाम तक घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिवार के लोग चिंतित हो गए। काफी इंतजार के बाद परिजन उनकी कानूभट्ठा स्थित सैलून दुकान पर पहुंचे, तो दुकान अंदर से बंद थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर मिथिलेश फंदे से लटके मिले। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि किसी पारिवारिक विवाद के कारण मिथिलेश ठाकुर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# दस्तूर से टाटा बनने तक, एक उपनाम से खड़ा हुआ विश्वविख्यात उद्योग साम्राज्य

**एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम**




झारखंड की औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। हर वर्ष 3 मार्च को मनाए जाने वाले संस्थापक दिवस के अवसर पर पूरी लौहनगरी दुल्हन की तरह सजाई जाती है। शहर की पहचान मानी जाने वाली टाटा स्टील इस दिन को विशेष रूप से भव्य रूप में मनाती है। 3 मार्च के अवसर पर साकची स्थित जुबली पार्क को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाता है। पूरे शहर में रोशनी की ऐसी छटा बिखरती है कि जमशेदपुर मानो प्रकाश से नहा उठता है। इस आयोजन की तैयारी लगभग 10 से 15 दिन पहले से शुरू कर दी जाती है, जिसमें शहर के पार्कों और प्रमुख स्थलों को विशेष रूप से सजाया-संवारा जाता है। भारतीय उद्योग जगत में जब भरोसे, गुणवत्ता और सामाजिक उत्तरदायित्व की चर्चा होती है, तब टाटा समूह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। लगभग 118 वर्षों से अधिक समय से यह समूह इस्पात, मोटर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी, चाय, नमक और आतिथ्य सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। आज टाटा समूह 150 से अधिक देशों में कारोबार कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस औद्योगिक विरासत की नींव वर्ष 1907 में रखी गई, जब दूरदर्शी उद्योगपति जमशेदजी टाटा ने भारत में आधुनिक इस्पात उद्योग स्थापित करने का साहसिक निर्णय लिया। उस समय देश में भारी उद्योगों की कल्पना भी कठिन मानी जाती थी, लेकिन सीमित संसाधनों और लगभग 21 हजार रुपये की प्रारंभिक पूंजी से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर वैश्विक पहचान बन गई। उनका उद्देश्य केवल उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर सृजित करना था। जमशेदजी टाटा का जन्म 3 मार्च 1839 को गुजरात के नवसारी में एक पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता नसरवानजी टाटा पारसी पुजारी वर्ग से जुड़े 'दस्तूर' परिवार के सदस्य थे। पारसी समुदाय के पूर्वज ईरान से भारत आकर गुजरात के संजान और बाद में नवसारी में बसे। प्रारंभ में परिवार का उपनाम 'दस्तूर' था, जो समय के साथ 'टाटा' के रूप में प्रचलित हो गया और आगे चलकर विश्वविख्यात पहचान बन गया। जमशेदजी टाटा ने केवल उद्योग ही नहीं बसाया, बल्कि एक आदर्श औद्योगिक नगर का सपना भी देखा। इसी दूरदृष्टि का परिणाम है जमशेदपुर, जिसे आज देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में गिना जाता है। टाटा स्टील ने न केवल इस्पात उत्पादन में भारत को मजबूती दी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और शहरी विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। हर वर्ष 3 मार्च को संस्थापक दिवस पर हजारों लोग शहर की भव्य सजावट और रोशनी का आनंद लेने पहुंचते हैं। प्रकृति प्रेमी जमशेदजी टाटा ने अपने सपनों के शहर को हरियाली और सुव्यवस्थित विकास के साथ बसाने की योजना बनाई थी, जिसके कारण जमशेदपुर आज देश के सबसे स्वच्छ और व्यवस्थित औद्योगिक नगरों में शामिल है। आज 'टाटा' नाम केवल एक औद्योगिक समूह नहीं, बल्कि विश्वास, गुणवत्ता और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक बन चुका है। 'दस्तूर' परिवार से शुरू होकर 'टाटा' नाम तक पहुंची यह यात्रा संघर्ष, दूरदर्शिता और समर्पण की प्रेरणादायक गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

## होली व रामनवमी से पहले रांची में उत्पाद विभाग की कार्रवाई, नकली विदेशी शराब सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी | रांची**



होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाड़ु, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने आरोपितों के पास से कुल 80.925 लीटर विदेशी शराब, 65.1 लीटर बियर, 9.9 लीटर ब्रिजर, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट,सहायक कमांडेंट घायल, हालत गंभीर

**एजेंसी | पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान आज सुबह आईईडी विस्फोट से 209 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। घटना की पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने की है। सुरक्षा बलों को सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर 209 कोबरा बटालियन और जिला पुलिस की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन के लिए जंगल में निकली थी। टीम दुर्गम और घने इलाके से गुजर रही थी, तभी जमीन के नीचे प्लांट किया गया प्रेशर आईईडी अचानक फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाकी जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी बुलाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को तत्काल सूचना दी गई। घायल सहायक कमांडेंट अजय मलिक को तत्काल घटनास्थल से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# खामेनेई की मौत के बाद भारत तक पहुंच गई प्रदर्शन की आग

**कश्मीर, एजेंसी।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता के मौत के बाद लोग सड़कों पर उतर आए हैं। खामेनेई की मौत पर ईरान में लोग अमेरिका और इजरायल के हमले का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन की यह आग भारत तक पहुंच गई है। रविवार को कश्मीर के कई हिस्सों में प्रदर्शन शुरू हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शिया बहुल इलाकों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। पुलवामा और श्रीनगर में भी लोगों ने खामेनेई की तस्वीरें लेकर प्रदर्शन किए। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। दिल्ली में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने दिल्ली में यात्रियों की मदद के लिए कॉल सेंटर एक्टिव किया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्वक सड़कों पर मार्च किया और अमेरिका तथा इजराइल विरोधी नारे लगाए। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार सुबह पुष्टि की कि इजराइल और अमेरिका के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता




खामेनेई की मौत हो गई है। इस हमले के बाद ईरान का भविष्य अनिश्चितता में पड़ गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय अस्थिरता का भी खतरा है। यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' द्वारा ली गयी सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखायी दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई है। सरकारी टीवी ने बताया कि खोमेनेई के कार्यालय में हुई उनकी मौत यह दिखाती है कि ''वे लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आगे रहे।'' ईरान के मंत्रिमंडल ने चेतावनी दी कि इस ''घोर अपराध का जवाब जरूर दिया जाएगा।' ईरान ने 40 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की और ''क्षेत्र और पूरी दुनिया को संकट से निकालने'' के लिए तत्काल फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आपातकालीन बैठक में कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''वरना व्यापक संघर्ष होने की आशंका है जिसके नागरिकों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिहाज से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।'' गुतारेस ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए ईरान के जवाबी हमलों की भी निंदा की।

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन पटनायक बोले - राज्यसभा में दोनों उम्मीदवार जीतेंगे

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए बीजद ने डॉ. संतरूप मिश्रा और डॉ. दत्तेश्वर होता को उम्मीदवार बनाया है, जिसमें नवीन पटनायक ने डॉ. होता को 'साझा उम्मीदवार' बताते हुए सभी दलों से उनके समर्थन की अपील की है। बीजू जनता दल के अध्यक्ष और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने शनिवार को राज्य से आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए दो उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें से एक को



'साझा उम्मीदवार' बताया गया है, जो सभी दलों का समर्थन मांग रहा है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पटनायक ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए डॉ. संतृप्त मिश्रा और डॉ. दत्तेश्वर होता के उम्मीदवारों की घोषणा की। नवीन पटनायक ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए हमारी पार्टी ने दो उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। तीसरे पद के लिए पहले उम्मीदवार हमारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य डॉ. संतृप्त मिश्रा हैं। चौथे पद के लिए दूसरे उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता हैं, जो ओडिशा के एक प्रसिद्ध चिकित्सक हैं और ओडिशा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पहले कुलपति और एससीबी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल भी रह चुके हैं। चूंकि वे साझा उम्मीदवार हैं, इसलिए मैं सभी दलों से उनका समर्थन करने और उन्हें राज्यसभा भेजने की अपील करता हूं।

### पूर्णागिरि मेले के लिए 6 मार्च से 30 जून यूपी से उत्तराखंड चलेंगी स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल मां पूर्णागिरि मेले के दौरान होने वाली



भीड़ को देखते हुए बरेली-टनकपुर और कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन छह मार्च से 30 जून तक चलाएगा। मेला स्पेशल गाड़ी (05307-05308) टनकपुर-बरेली जंक्शन-टनकपुर और (05451-05452) कासगंज-टनकपुर-कासगंज का संचालन की समय सारिणी जारी कर दी गई है। 05308 बरेली जं.-टनकपुर मेला स्पेशल : बरेली जंक्शन से 01:50 बजे चलेगी। बरेली सिटी 02:06 बजे, इज्जतनगर 02:20 बजे, भोजीपुरा 02:38 बजे, सेथल 02:55 बजे, बिजौरिया 03:05 बजे, शाही 03:15 बजे, पीलीभीत 03:35 बजे, न्योरिया हुसैनपुर 03:53 बजे, मझोला पकड़िया 04:04 बजे, खटीमा 04:40 बजे प्रस्थान कर टनकपुर 05:40 बजे पहुंचेगी। 05307 टनकपुर-बरेली जं. मेला स्पेशल गाड़ी : टनकपुर से 21.35 बजे चलकर खटीमा 22:05 बजे, मझोला पकड़िया 22:17 बजे, न्योरिया हुसैनपुर 22:32 बजे, पीलीभीत 23:05 बजे, शाही 23:20 बजे, बिजौरिया 23:30 बजे, सेंथल 23:40 बजे, भोजीपुरा 23:57 बजे, दूसरे दिन इज्जतनगर 00:17 बजे, बरेली सिटी 00:35 बजे प्रस्थान कर बरेली जंक्शन 01:00 बजे पहुंचेगी। बितरोई 05:31 बजे, उझानी 04:44 बजे, शेखूपुर 05:54 बजे, बदायूं 06:05 बजे, मल्लननगर 06:14 बजे, घटपुरी 06:20 बजे, करतौली 06:29 बजे, मकरन्दपुर 06:37 बजे, बमियाना 06:50 बजे, रामगंगा 07:04 बजे, बरेली जंक्शन 07:20 बजे पहुंचेगी।

# यूजीसी मुद्दा: ब्राह्मण समाज के मन में जो बेचैनी है, हम उसे समझ रहे हैं: डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को ब्राह्मण नेताओं का बड़ा जुटान हुआ। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाज के लोगों को भरोसा दिलाते हैं कि उनके साथ कहीं भी गलत नहीं होगा। हमारी सरकार हमेशा ब्राह्मणों के साथ खड़ी है। सभी ब्राह्मणों की चिंता पार्टी और सरकार कर रही है। ब्राह्मण समाज के मन में जो बेचैनी है, हम उसे समझ रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान यूजीसी का मुद्दा छाया रहा। मंच पर नेताओं के भाषणों के बीच यूजीसी नियम विरोधी नारेबाजी होती रही। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि ब्राह्मण जाति नहीं संस्कृति है। मुझे पता है कि यूजीसी मामले में चूक हुई। भाजपा कार्यकर्ता होते हुए भी मैंने तत्काल इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इसके नियम संविधान विरुद्ध हैं। जरूरत पड़ने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से भी इस संबंध में मिलकर बात करेंगे। ब्राह्मण हमेशा सबको समाहित करके चला है। ब्राह्मण समाज की धुरी है। पूर्व राज्यपाल ने अलंकार अग्निहोत्री की भाषा-शैली पर नाराजगी और आपत्ति जताई। प्रबुद्ध समागम में मौजूद राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा जैसे ही मंच पर बोलने आए, सभा में उपस्थित लोगों ने यूजीसी पर बोलो



के नारे लगाने शुरू कर दिए। शोर बढ़ता गया। मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि यूजीसी का मामला कोर्ट में है। न्यायालय का हम सम्मान करते हैं। इसलिए इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने एकजुटता की अपील की। पूर्व सांसद डा. अशोक वाजपेयी सहित कई वक्ताओं ने बात रखी। संयोजन राजेंद्रनाथ त्रिपाठी का रहा।

ब्राह्मणों की इस जुटान में कांग्रेस नेतृत्व भी खुलकर शामिल हुआ। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हैं। उन पर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं, वे बेहद शर्मनाक हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस सरकार में ब्राह्मणों और शंकराचार्य का अपमान हो रहा है। यूजीसी के मसले पर उन्होंने सवाल किया कि सरकार यह नियम लाई ही क्यों थी? अगर गलत नहीं था तो सुप्रीम कोर्ट में लगकर इसे रुकवाया क्यों? मंच पर भाषण देने फरसा लेकर पहुंचे निलंबित पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री ने सरकार को गैर सनातनी बताया। सरकार पर तंज कसने को लेकर कुछ भाजपा समर्थकों ने उनका विरोध किया। कुछ देर बाद अलंकार का विरोध करने वालों के खिलाफ भी नारेबाजी होने लगी। देखते ही देखते वहां का माहौल गर्म होने लगा। इस पर उतने लोगों से पूछा कि कौन-कौन चाहता है कि एससी-एसटी एक्ट खत्म हो। इस पर लोगों हाथ उठाकर समर्थन दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि एससी-एसटी एक्ट खत्म होना चाहिए।

### इसी महीने दौड़ेगी देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**मुंबई, एजेंसी।** देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर मार्च में पटरियों पर होगी। इसका रूट अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यह ट्रेन दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई, चेन्नई-बेंगलुरु-मुंबई में से किसी एक रूट पर चलाई जा सकती है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 में कुल 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ट्रेन पहले की ट्रेन से तकनीक व सुविधाओं के मामले में उन्नत होगी। वंदे भारत स्लीपर को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने इस तरह डिजाइन किया है कि रेल



यात्रियों को सफर के दौरान विमान-पांच सितारा होटल जैसा अनुभव होगा। ट्रेन के कोच के गलियारों में स्मार्ट सेंसर लाइट्स लगी हैं, जो केवल यात्री के चलने पर जलेंगी। पहली बार ट्रेन में बोल्स्टरलेस बोगियों (कोच) का इस्तेमाल हुआ है, जो 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर भी चाय का कप टेबल से नहीं गिरने देंगी। हवाई जहाज की तर्ज पर इसमें बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स और टच-फ्री नल दिए गए हैं। नई डिजाइन की उन्नत वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में स्मार्ट सेंसर लाइट्स, वैक्यूम टॉयलेट्स, बोल्स्टरलेस कोच और ब्रांडेड कैटरिंग की खूबियां होंगी। आपको बता दें कि रेलवे बोर्ड ने हाल ही में अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के नियमों में एक बड़ा बदलाव किया है। नौ फरवरी को जारी नए आदेश में उक्त प्रीमियम ट्रेनों में भी इमरजेंसी कोटा (वाईआईपी कोटा) की सुविधा बहाल कर दी गई है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में (जनवरी 2026 के नियमों के अनुसार) इन ट्रेनों में केवल लेडीज, सीनियर सिटीजन और दिव्यांग कोटा ही रखा गया था ताकि टिकट प्रणाली पारदर्शी रहे। लेकिन, यात्रियों की भारी मांग और आपातकालीन जरूरतों (जैसे मेडिकल इमरजेंसी या सरकारी ड्यूटी) को देखते हुए अब इसे लागू कर दिया गया है।

### फरीदाबाद को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ेगा 31 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, 1200 पिलर तैयार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** स्मार्ट सिटी फरीदाबाद शहर को उत्तर प्रदेश के जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे 31 किलोमीटर लंबे 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य बहुत जोरो-शोरों से जारी है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत करीब 1200 पिलर खड़े कर दिए गए हैं, बाकी पिलर बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अप्रैल 2027 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद वाहन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरने लगेंगे। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को फरीदाबाद से जोड़ने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से जारी है। एक तरफ जहां यमुना नदी पर नए पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। यह पुल 6 लेन का होगा। इसे गांव मोहना के पास बनाया जा रहा है। मोहना के पास ही यह नया पुल बनेगा, जो एक्सप्रेसवे के लिए होगा। वहीं छायंसा के पास इंटरचेंज बनाया जा रहा है। इसके लिए मिट्टी बिछाकर सड़क बनाने का कार्य निर्माण एजेंसी की तरफ से चालू कर दिया गया है। यह जानकारी पिछले दिनों सेक्टर-12 लघु सचिवालय में हुई इंटर स्टेट कनेक्टिविटी की बैठक में एनएचएआई अधिकारियों ने शहरी विभाग के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी को दी।

# चंद्र ग्रहण के कारण कृष्ण जन्मभूमि के दर्शन का समय बदला, होलिका दहन को लेकर पुलिस अलर्ट

**मथुरा, एजेंसी।** यूपी के मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान (श्रीकृष्ण जन्मभूमि) पर फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 3 मार्च 2026 की सांय खग्रास चन्द्रग्रहण होने के कारण मंगलवार 3 मार्च को प्रातः 5 बजे मंगला आरती के साथ सभी मंदिरों के पट खुलेंगे, प्रातः 6 बजे पट बन्द होंगे। चन्द्रग्रहण मोक्ष के उपरान्त मंगलवार की शाम 8 बजे सभी मंदिरों के पट उत्थापन आरती के साथ पुनः एक साथ खुलेंगे रात्रि 9 बजे नियत समय सभी मंदिरों के पट बन्द होंगे। होलिका दहन से लेकर धुलेंडी तक के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। एसएसपी ने थाना पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये हैं कि होलिका दहन से लेकर धुलेंडी को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें। शराब पीकर हुडदंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। पुलिस पीआरवी लगातार भ्रमण शील रहेगी। आगामी मार्च की रात व तीन मार्च सुबह जिले में होलिका दहन होगा। इसके बाद धुलेंडी पर रंगों की होली खेली जायेगी। इस दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव न हो शराब पीकर हुडदंग करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन ने इंतजामात कर दिये गये हैं। बताते चलें कि जिले में 1932 स्थलों पर होलिका



दहन होना है। इसके लिये थाना पुलिस द्वारा होलिका दहन करने वाले लोगों से सम्पर्क कर स्पष्ट किया गया कि वह शांति पूर्वक तरीके से होलिका दहन करायें इस दौरान अगर कोई उपद्रव करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं धुलेंडी के दिन पुलिस, पीआरवी और क्यूआरटी लगातार थाना क्षेत्रों में भ्रमण शील रहेगी ताकि शराब पीकर हुडदंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इतना ही नहीं डीजे बजाने वालों पर भी निगाहें रखी जायेंगी। इलाका पुलिस ने सभी जगह चिन्हित कर डीजे बजाने और डीजे लगवाने वालों को धीमी गति से फूहड गाने न बजाने की हिदायत दी गयी है। इतना ही नहीं होली प्रेम भाई चारे का त्यौहार है डीजे बजवाकर उपद्रव करने वालों के खिलाफ तो कार्रवाई होगी ही डीजे वाले को भी बक्सा नहीं जायेगा। एसएसपी ने सीओ को अपने-अपने सर्किल में धुलेंडी वाले दिन भ्रमणशील रहने के निर्देश दिये हैं। पुलिस लगातार नजर रखेगी। इतना ही नहीं पूर्व में होली पर्व के दौरान विवाद करने वालों को पाबंद किया गया कर हिदायत दी है कि अगर उपद्रव किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### गाजियाबाद में शिक्षिका के छड़ी मारने से छात्र के आंख की रोशनी गई, पैरेंटस ने केस दर्ज कराया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र के स्कूल में शिक्षिका की छड़ी लगने से छात्र की आंख लहूलुहान हो गई। छात्र के पिता ने वेव सिटी थाने में अध्यापिका, प्रधानाचार्य, स्कूल मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महरौली गांव में रहने वाले प्रवीण ने बताया कि उनका 14 साल का बेटा वंश गांव के ही स्कूल की कक्षा नौ में पढ़ता है। 20 दिसंबर 2025 को वह स्कूल में पढ़ाई करने गया था। आरोप है कि करीब 11.30 बजे उसका पेन नीचे गिर गया तो वह उठाने के लिए झुका। उसी समय शिक्षिका ने दंड देने के लिए उसे छड़ी मारी, जो छात्र की दायीं आंख में लग गई और खून बहने लगा। आरोप है कि छड़ी का एक कोना घुसने से दाहिनी आंख की रोशनी चली गई। गांव के डॉक्टर को दिखाकर घर छोड़ दिया आरोप है कि स्कूल के प्रिंसपल ने गांव के ही एक डॉक्टर को दिखाकर बेटे को घर छोड़ दिया। थोड़ी देर बाद ही बच्चे की तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गई। उसे निजी अस्पताल लेकर गए, जहां पर दो दिन तक दिखाया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद अन्य चिकित्सकों को दिखाया। अब नोएडा में एक आई सेंटर पर बच्चे का ऑपरेशन हुआ है।

**ये हैं एक्वा लाइन मेट्रो के नए रूट, एनएमआरसी जल्द जारी करेगा टेंडर**

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 2 कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने की तैयारी तेज

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन और डिपो से बोडाकी रूट पर एक्वा लाइन मेट्रो का निर्माण शुरू करने को नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मार्च के मध्य तक टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 14 फरवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो रूट की योजना को मंजूरी प्रदान की गई थी। मेट्रो का यह कॉरिडोर 11.56 किलोमीटर लंबा है और इसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाने हैं। इस कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन हैं:- बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर 44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर 97, नोएडा सेक्टर 105, नोएडा सेक्टर 108, नोएडा सेक्टर 93 और पंचशील बालक इंटर कॉलेज। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे किनारे से निकलने वाले इस मेट्रो रूट के निर्माण पर 2254.35 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है। इस कॉरिडोर के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61.62 किमी का हो जाएगा।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक 2.6 किलोमीटर रूट को भी पहले ही केंद्र से अनुमति मिल चुकी है। इस रूट पर 416 करोड़ 34 लाख रुपये निर्माण लागत अनुमानित है। दो नए मेट्रो स्टेशन जुनपत गांव और बोड़ाकी बनेंगे।

ऐसे में इन दोनों लाइन का काम शुरू करने के लिए एनएमआरसी सबसे पहले टेंडर जारी करेगा।



इसके बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट रूट को केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर जारी होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए एनएमआरसी ने आरआरटीएस के गाजियाबाद से जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक रूट प्रस्तावित होने के चलते सेक्टर-51 से किसान चौक तक 7.5 किलोमीटर के मेट्रो रूट की तैयारी की हुई है। इस रूट पर प्रस्तावित 5 मेट्रो स्टेशन सेक्टर-61, 70,122, 123 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 (किसान चौक के पास) शामिल हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस रूट को भी अगले एक महीने में केंद्र से मंजूरी मिल जाएगी। बॉटेनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक कॉरिडोर का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा। नई योजना पूरी होने से सार्वजनिक परिवहन में काफी सुधार होगा। इसका मकसद नोएडा के खास क्षेत्र को जोड़ना है, जिसमें कई वाणिज्यिक केंद्र जैसे सेक्टर-142 में उन्नत व्यापार पार्क, सेक्टर-98 में स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 में मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट, सेक्टर-132 में एडोब और सेक्टर-127 में ओरेकल शामिल हैं। इस मार्ग पर कई बहुराष्ट्रीय निगम या बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थित हैं। इसके साथ इस कॉरिडोर में सेक्टर-125 में एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर-91 में पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 में महामाया बालिका इंटर कॉलेज जैसे शैक्षिण संस्थान, सेक्टर-128 में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जैसे स्वास्थ्य केंद्र, बॉटैनिकल गार्डन, सेक्टर-93 पार्क जैसे बड़े पर्यटन स्थल हैं।

# नाले में तैरते दिखे 500-500 के नोट, बीकानेर में देखते ही देखते मच गई भगदड़

**बीकानेर, एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर शहर में शनिवार को ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। शहर के मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र स्थित अंत्योदय नगर में एक सार्वजनिक पार्क के पास बने टॉयलेट के नजदीक सीवरेज चैम्बर से अचानक 500-500 रुपये के नोट निकलने लगे। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैली और मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

घटना शहर के नेहरू पार्क और ईएसआई अस्पताल के बीच स्थित इलाके की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय कुछ युवकों को एक खुले सीवरेज चैम्बर के पास संदिग्ध गतिविधियां करते देखा गया। बताया जा रहा है कि बाइक पर आए दो-तीन युवक चैम्बर से नोटों से भरे कट्टे निकालकर तेजी से फरार हो गए। शुरुआत में लोगों को मामला समझ नहीं आया, लेकिन जब स्थानीय लोग पास पहुंचे तो गंदे पानी में 500 रुपये के नोट तैरते दिखाई दिए।

गंदे पानी में 'नोटों की बारिश', लोग



कूद पड़े जैसे ही नोट दिखने की बात फैली, आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में वहां अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। लोगों ने सीवरेज के बदबूदार पानी में हाथ डाल-डालकर नोट निकालना शुरू कर दिया। कोई नोटों को पानी से धो रहा था, तो कोई धूप में सुखाता नजर आया। कई लोग कपड़े गीले होने की परवाह किए बिना चैम्बर के पास झुंड बनाकर खड़े रहे। इतना ही नहीं, पास ही मौजूद एक दूसरे सीवरेज चैम्बर को भी खोला गया। वहां भी नोटों का ढेर दिखाई देने की बात सामने आई है। लोगों के बीच नोट पाने की होड़ सी मच गई। कुछ लोग बोतलों और थैलों में नोट भरते नजर आए, तो कुछ मोबाइल से वीडियो बनाकर इस 'अनोखी घटना' को कैद करते रहे।

सूचना मिलते ही मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर स्थिति संभाली और प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि नोट असली हैं या नकली। जब्त किए गए कुछ नोटों को जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शुरुआती फुटेज में दो युवक बोरे में कुछ भरकर बाइक पर जाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि वे नोट सीवरेज से निकालकर ले गए या खुद वहां डालकर फरार हुए। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इतने सारे 500 रुपये के नोट सीवरेज चैम्बर में पहुंचे कैसे? क्या यह किसी अवैध लेन-देन का मामला है?

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सरकारी दौरे में फिजूलखर्ची ने खोली सिस्टम की पोल

सरकारी यात्रा से जुड़े इन आतिथ्य इंतजामों का ब्योरा चर्चा में आने के बाद संचार मंत्री ने इसे 'बेहद ही बेतुका', 'स्तब्ध कर देने वाला' तथा अस्वीकार्य बताया। इस मामले में बेशक तत्काल कार्रवाई की गई हो, लेकिन सरकारी तंत्र में धन की बर्बादी कैसे हो रही है, यह उसकी यह बानगी भर है। किसी भी देश में सरकारी तंत्र में वित्तीय अनुशासन का अपना महत्त्व है। सरकारी खजाने की राशि सावधानी से और प्राथमिकता के आधार पर ही खर्च की जानी चाहिए। मगर यह राशि जब कल्याणकारी योजनाओं में लगाने या विकास के लिए संसाधन जुटाने के बजाय सरकारी दौरे तथा आतिथ्य प्रबंधन में बर्बाद होने लगे, तो जनता का भरोसा टूटता है। आज एक ओर भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर देश के कुछ अधिकारी और नेता फिजूलखर्ची से बाज नहीं आ रहे।भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी के प्रस्तावित सरकारी दौरे में पद और सार्वजनिक संसाधनों के बेजा इस्तेमाल का मामला सामने आने से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि पद और रसूख के प्रभाव के पीछे सामंती सोच का ढांचा किस तरह काम करता है। अधिकारी की यात्रा के लिए जिस तरह से पचास अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की खबर आई, वह चौंकाने वाली है। इसमें उनको तौलिया-कंघी और तेल से लेकर अंतःवस्त्र तक जुटाने की हिदायत दी गई थी।सरकारी यात्रा से जुड़े इन आतिथ्य इंतजामों का ब्योरा चर्चा में आने के बाद संचार मंत्री ने इसे 'बेहद ही बेतुका', 'स्तब्ध कर देने वाला' तथा अस्वीकार्य बताया। इस तरह के आतिथ्य प्रबंधन संबंधी आदेश से बीएसएनएल की तो फजीहत हुई ही, वहीं यह सच्चाई भी सामने आई कि कई सरकारी दौरे में कैसे जम कर फिजूलखर्ची होती है।एक ओर, जनहित की योजनाओं को लागू करने में देरी के सवाल पर धन की कमी को कारण बताया जाता है, वहीं सरकारी तंत्र में पसरी फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना जरूरी नहीं समझा जाता।

### भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए।

*कुछ शोध बताते हैं कि वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड की बढ़ती मात्रा से फसलों में प्रोटीन और पोषक तत्वों की मात्रा घट सकती है। ऐसे में जलवायु के अनुकूल और पोषण से भरपूर फसलों की नई किस्मों का विकास जरूरी है। इक्कीसवीं सदी में भूख से लड़ाई केवल मात्रा पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर भी केंद्रित होनी चाहिए। हर नागरिक को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना मानव विकास की बुनियादी जरूरत है।*

## पेट भरा फिर भी कुपोषण, अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत के सामने गहराता 'मौन संकट'

**(नृपेंद्र अभिषेक नृप)**

दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। भूख के विरुद्ध हमारी लंबी लड़ाई ने खेतों को लहलहाया, भंडारों को भरा और अन्न की कमी को काफी हद तक दूर किया। मगर, इस उपलब्धि के बीच एक मौन संकट पनपता रहा और वह है पोषण की कमी। पेट तो भर गया, पर शरीर को वह संपूर्ण ऊर्जा नहीं मिल सकी, जो स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। कई दशकों तक दुनिया भर में भूख से लड़ने का मुख्य उपाय यही माना गया कि अधिक से अधिक खाद्यान्न पैदा किया जाए। हरित क्रांति और उसके बाद कृषि के आधुनिकीकरण ने भारत जैसे देशों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। मगर आज चुनौती केवल पेट भरने की नहीं है, बल्कि शरीर को सही पोषण देने की भी है। यह दोहरी समस्या हमें कृषि नीतियों, फसल विकास की दिशा और खाद्य व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की ओर इशारा करती है। फसलों की नई-नई किस्में इस उद्देश्य से विकसित की गई थीं कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिकतम हो सके। इन किस्मों ने खेती की तस्वीर बदल दी और लाखों लोगों को भुखमरी से बचाया। मगर जब पूरी प्राथमिकता उपज बढ़ाने पर केंद्रित हो गई, तब फसलों के पोषण मूल्य पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। कई अध्ययनों से संकेत मिला है कि गेहूं और चावल जैसे खाद्यान्न की आधुनिक किस्मों में लौह तत्त्व, जिंक और कुछ विटामिन की मात्रा पारंपरिक देसी किस्मों की तुलना में कम हो सकती है। भले ही यह अंतर बहुत बड़ा न हो, लेकिन जिस समाज का भोजन मुख्य रूप से अनाज पर आधारित है, वहां इसका प्रभाव व्यापक हो सकता है। जब आहार में विविधता कम हो और अधिकांश भोजन केवल एक-दो फसलों पर निर्भर हो, तब पोषक तत्त्वों में हल्की-सी कमी भी बड़े पैमाने पर कुपोषण का कारण बन जाती है। भारत में पोषण की मौजूदा स्थिति इस सच्चाई को स्पष्ट करती है। दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। विशेषकर प्रजनन आयु की महिलाएं और छोटे बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और वैश्विक रपटों से यह बात सामने आती रही है कि खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा एक ही बात नहीं है। केवल अनाज की उपलब्धता बढ़ जाने से पोषण की समस्या हल नहीं होती। महिलाओं और बच्चों में रक्त की कमी का बने रहना इस बात का प्रमाण है कि उन्हें जरूरी लौह तत्त्व और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के अनुसार, भारत में वर्ष 2024 में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में से 18.7 फीसद कुपोषण से पीड़ित थे। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) के मुताबिक, देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.5 फीसद बच्चे बौने हैं। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि केवल यह देखना पर्याप्त नहीं है कि कितना खाद्यान्न पैदा हो रहा है; यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि उस खाद्यान्न में पोषक तत्त्वों की स्थिति क्या है। इन चुनौतियों को समझते हुए कृषि अनुसंधान संस्थानों ने अब पोषक तत्त्वों से भरपूर किस्में विकसित करने की दिशा में काम शुरू किया है। जैव-संवर्धन इसी प्रयास की एक अहम कड़ी है। इसमें फसलों की ऐसी किस्में विकसित की जाती हैं, जिनमें प्राकृतिक रूप से पोषक तत्त्वों की मात्रा अधिक हो। यह समाधान टिकाऊ है, क्योंकि इसमें फसल की कटाई के बाद अलग से पोषक तत्त्व मिलाने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि पोषण सीधे खेत से ही भोजन में पहुंचता है। फिर भी केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। कृषि नीति में व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें आहार की विविधता को महत्त्व दिया जाए। पारंपरिक खेती में दालें, मोटे अनाज, तिलहन, फल और सब्जियां सब शामिल होते थे, जिससे संतुलित पोषण मिलता था। मगर समय के साथ एक ही प्रकार की फसलों पर निर्भरता बढ़ी और खेतों की विविधता कम हो गई। जबकि मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार और रागी पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं और सूखे की स्थिति में इनकी पैदावार अच्छी होती है। इन्हें 'पोषक अनाज' के रूप में फिर से बढ़ावा देना कुपोषण से लड़ने का सशक्त माध्यम हो सकता है। मिट्टी का स्वास्थ्य भी इस पूरी प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी होगी, तो फसलों में भी उनकी मात्रा कम हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग और जैविक पदार्थों की कमी से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसल चक्र, जैविक खाद और मिट्टी परीक्षण जैसी पद्धतियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्वस्थ मिट्टी में उगाई गई फसलें न केवल अधिक उत्पादन देती हैं, बल्कि बेहतर पोषण भी प्रदान करती हैं। इस प्रकार मिट्टी की सेहत, फसल की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में भी बदलाव की आवश्यकता है। अब तक इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्याप्त अनाज उपलब्ध कराना रहा है। यदि इन्हीं प्रणालियों के माध्यम से पोषक तत्त्वों से भरपूर अनाज, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ वितरित किए जाएं, तो पोषण सुधार में खासी मदद मिल सकती है। विद्यालयों के मध्याह्न भोजन और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण योजनाओं में स्थानीय तथा विविध खाद्य पदार्थों को शामिल करने से उनकी सेहत में सुधार हो सकता है। खाद्यान्न के प्रति उपभोक्ताओं की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण लोग अधिक प्रसंस्कृत और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ये खाद्य पदार्थ ऊर्जा तो देते हैं, परंतु उनमें पोषक तत्त्वों की कमी होती है। संतुलित आहार, साबुत अनाज, दालें, फल और सब्जियों के महत्त्व को समझाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। यदि परिवारों, विशेषकर माताओं को सही जानकारी मिले, तो बच्चों के पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। देखा जाए तो आर्थिक पहलू भी इस समस्या से जुड़े हुए हैं। किसान वही फसल उगाते हैं, जिसकी बाजार में मांग और उचित मूल्य मिलता है। यदि पोषक तत्त्वों से भरपूर फसलों को पर्याप्त समर्थन मूल्य और बाजार उपलब्ध नहीं होगा, तो जाहिर है कि किसान उनमें ज्यादा रुचि नहीं लेंगे और उनका उत्पादन सीमित ही रहेगा। इसलिए सरकार को व्यापक स्तर पर ऐसी नीतियां और योजनाएं बनानी चाहिए, जो किसानों को विविध एवं पोषक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। इन सब के बीच जलवायु परिवर्तन भी एक नई चुनौती बनकर सामने आया है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा फसल उत्पादन एवं उनके पोषण मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं।

## अर्थ से प्रभाव तक-योगी दौर की वैश्विक दास्तान

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

कभी-कभी यात्राएं केवल दूरी नहीं तय करतीं, वे दिशा तय करती हैं। सिंगापुर की संजीवनी से शुरू होकर जापान की जागती जिजीविषा तक पहुंची मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह यात्रा भी केवल चार दिनों का सरकारी कार्यक्रम नहीं रही, यह उस बदलते उत्तर प्रदेश की कथा बन गई जो अब अवसरों की प्रतीक्षा नहीं करता, अवसरों को आमंत्रित करता है, और आमंत्रण को परिणाम में बदलने की तैयारी भी रखता है। सिंगापुर में संवाद से शुरुआत हुई, जापान में विश्वास से विस्तार हुआ और अंततः आंकड़ों ने इस यात्रा को उपलब्धि में रूपांतरित कर दिया। कुल मिलाकर लगभग 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव सामने आए। सिर्फ जापान में ही लगभग 90,000 करोड़ के एमओयू और 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि सिंगापुर से 60,000 करोड़ के एमओयू और लगभग ?1 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। सरकार का अनुमान है कि यदि ये प्रस्ताव धरातल पर उतरते हैं, तो 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बन सकते हैं। यही वह बिंदु है, जहां यह यात्रा औपचारिकता से आगे बढ़कर आर्थिक रणनीति में बदलती दिखाई देती है। बैठकों की संख्या भी प्रतीकात्मक नहीं रही। दोनों देशों में मिलाकर 60 से अधिक औपचारिक संवाद, तीन बड़े निवेश रोड शो, और लगभग 450-500 निवेशकों की भागीदारी इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश को लेकर वैश्विक उद्योग जगत की उत्सुकता अब उत्साह में बदल रही है। सिंगापुर में फिनटेक, आईटी, लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, टूरिज्म और डीप-टेक जैसे क्षेत्रों पर गंभीर वार्ता हुई। आईटीई जैसे स्किलिंग संस्थानों का अध्ययन कर यह संकेत दिया गया कि निवेश केवल पूंजी नहीं, कौशल-साझेदारी और तकनीकी हस्तांतरण के साथ ही सार्थक होता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए एमआरओ, लॉजिस्टिक्स और कार्गो मॉडल का अध्ययन इसी दीर्घकालिक दृष्टि का हिस्सा है। जापान में संवाद का स्वर और अधिक तकनीकी हुआ। ऑटोमोबाइल, ग्रीन हाइड्रोजन, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स और डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तलाश की गईं। यामानाशी में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन केंद्रों का अवलोकन, और सुपर हाई-स्पीड मैग्लेव ट्रेन का अनुभव, ये सब केवल दर्शनीय कार्यक्रम नहीं थेज ये संकेत थे कि उत्तर प्रदेश अपनी औद्योगिक संरचना को भविष्य की तकनीक के अनुरूप ढालने का प्रयास कर रहा है। यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित 'जापान सिटी', मेडिकल डिवाइस पार्क, डेटा सेंटर हब और सेमीकंडक्टर निवेश जैसे प्रस्ताव इस बात को पुष्ट करते हैं कि राज्य अब कृषि-प्रधान पहचान से आगे बढ़कर औद्योगिक-तकनीकी संतुलन की ओर बढ़ रहा है। 75,000 एकड़ से अधिक के लैंड बैंक, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और बड़े उपभोक्ता बाजार की उपस्थिति को एक साथ रखकर निवेशकों के सामने एक समग्र प्रस्ताव रखा गया। पर यह दास्तान केवल आंकड़ों की नहीं है। इसमें भावनाएं भी हैं। प्रवासी भारतीयों की आंखों की चमक, बच्चों के हाथों में लहराते दो देशों के ध्वज और उन उपहारों की कहानी जिनमें कारीगरों की मेहनत और मिट्टी की महक शामिल थी। 'एक जिला- एक उत्पाद' की कलाकृतियां जब विदेशी धरती पर पहुंचीं, तो लगा जैसे प्रदेश की परंपरा ने अपने पंख फैला दिए हों और स्थानीय शिल्प ने वैश्विक बाजार से संवाद शुरू कर दिया हो।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6018

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन जातकों के लिए प्रगति और उत्साह से भरा रहेगा. व्यापार कर रहे लोगों को अपनी योजनाओं में सफलता मिलने के प्रबल संकेत हैं. यदि आपने किसी नई योजना पर कार्य शुरू किया है, पुराने अटके हुए काम भी आज गति पकड़ेंगे, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।पारिवारिक जीवन में आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

### वृष
आज आपमें ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा रहेगा. आप स्वयं को पहले से अधिक उत्साहित और सकारात्मक महसूस करेंगे. आर्थिक स्थिति में मजबूती आने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से विचार करेंगे. धन संबंधित मामलों में किए गए प्रयास सफल हो सकते हैं। कुछ योजनाओं के अटकने से हल्का तनाव हो सकता है।

### मिथुन
आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं. हो सकता है आपको नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएं या किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिले. शुरुआत में यह थोड़ा दबाव दे सकता है, लेकिन आपकी नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास आपको सफलता दिलाएंगे।

### तुला
आज का दिन साहस और सूझबूझ का रहेगा. आपके विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रचने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन उनकी योजना सफल नहीं होगी और वे स्वयं ही उसमें उलझ सकते हैं. इसलिए आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है, पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद आज फिर से सामने आ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए राहत और संतुलन लेकर आ सकता है. लंबे समय से चली आ रही किसी स्वास्थ्य समस्या में सुधार महसूस होगा, जिससे मन में सुकून और आत्मविश्वास बढ़ेगा. फिर भी लापरवाही न करें और अपनी दिनचर्या तथा खानपान को नियमित बनाए रखें। आज आपको किसी सामाजिक या पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए आर्थिक रूप से पहले से बेहतर संकेत दे रहा है. आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और रुका हुआ धन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा. यदि आप किसी निवेश या वित्तीय निर्णय पर विचार कर रहे हैं तो सोच-समझकर कदम उठाएं।कार्य क्षेत्र में आपकी सक्रियता और समझदारी की सराहना हो सकती है।

### कर्क
आज जातकों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा. रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है. लंबे समय से चल रही नौकरी की खोज आज समाप्त हो सकती है और मनचाही नौकरी मिलने के संकेत हैं. इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और भविष्य को लेकर आशावादिता बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आलस्य से बचना होगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए भावनात्मक रूप से थोड़ा संवेदनशील रह सकता है. यदि मन में कोई चिंता या दुविधा चल रही है तो उसे परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना आपके लिए राहत देने वाला रहेगा. उनके सहयोग और समझ से आपका मन हल्का होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।आर्थिक मामलों में आज विशेष सावधानी बरतें।

### कन्या
आज आपका मन किसी बात को लेकर थोड़ा भटक सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखें. अनावश्यक चिंताओं में उलझने से बचें और सकारात्मक सोच के साथ दिन की शुरुआत करें. धैर्य और संयम आपके लिए आज सफलता की कुंजी साबित होंगे।दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए कुछ पुरानी बातों को लेकर चिंता बढ़ा सकता है. पहले की कोई समस्या या अधूरा काम फिर से सामने आ सकता है, जिससे मन थोड़ा व्याकुल रहेगा. बेहतर होगा कि आप घबराने के बजाय धैर्य और समझदारी से स्थिति को संभालें।आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतें. किसी को उधार देने या बड़ा वित्तीय निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए रचनात्मकता और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आया है. यदि आप अपनी क्षमता को सही दिशा में लगाते हैं तो अच्छे परिणाम मिल सकते हैं. किसी नए विचार या योजना पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल है. मन में उत्साह बना रहेगा और आप अपने कार्यों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे।वैवाहिक जीवन के लिए दिन सुखद संकेत दे रहा है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए आर्थिक रूप से पहले से बेहतर रहने के संकेत दे रहा है. आय में वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं और रुका हुआ धन भी प्राप्त हो सकता है. यदि आप किसी नए निवेश या वित्तीय योजना पर विचार कर रहे हैं तो सोच-समझकर निर्णय लें, लाभ के योग बन रहे हैं।कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता की सराहना होगी।

## वर्ग पहेली 6019

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | 17 | | ■ |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इंदौर नगर के इतिहास में प्रथम समाचार पत्र होने का गौरव इस अखबार को है जो कए साप्ताहिक था उसका प्रथम अंक 6 मार्च 1849 को प्रकाशित हुआ था (7)
6. कंठ, गले की नली (3)
7. जगत, संसार, दुनिया, जग (2)
9. गोद, अंक,क्रोड, बगल (3)
11. कनक, धतूरा, स्वर्ण (2)
12. आवेश, उन्माद (3)
13. यह बांग्लोदश में बूढी गंगा के तट पर देश का सबसे बड़ा शहर है (2)
15. असम के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जंगल जाति, अनुपस्थितिती, गैर हाजिरी (2)
16. जिसके पांच मुख हो, पंचमुखी (4)
18. पक्षी, नभचारी, गगनचर (2)
19. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई दो या दो अधिक बार आए और प्रत्येक बार उसके भिन्न अर्थ हो (3)
20. गज, कंजर, मतंगत (2)
21. श्रृंगार, सजावट, शोभा, श्री (3)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. मास, महीना, तीस दिनों का समय (2)
2. तीव्र अभिलाषित होना, उत्कंठित होना (4)
3. वाक्य का अपभ्रंश (2)
4. पश्चिमी निमाड़ का प्रसिद्ध जिला (4)
5. भास्कर, दिनपति, दिवाकर, सूरज (2)
8. सांस लेने छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
9. निर्देशक मोहनकुमार की राजेंद्र कुमार वैजयंती माला अभिनीत 1961 की एक हिट फिल्म (5)
10. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत चले वहम, संदेह (2)
11. गुजरा में द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक जो पश्चिमी तट पर प्रभाष क्षेत्र में स्थित है (4)
14. लोकमत, जनता की राय (4)
17. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
18. पक्षधर, अनुगामी, यात्री, राहगीर (2)

### वर्ग पहेली 6018 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ल | जा | री | ला | ल | नं | दा |
| ल | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | ता |
| फा | गु | न | ■ | आ | ना | ■ | ■ |
| म | म | ■ | म | ■ | बु | झा | न |
| ■ | रा | ज | द | ■ | झा | ■ | ह |
| वा | ह | ■ | र | ■ | ना | पा | क |
| प | ■ | आ | सा | र | ■ | र | ■ |
| स | ह | ज | ■ | ■ | न | सी | म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी हादसे का शिकार, 7 की हालत गंभीर

**हरियाणा (एजेंसी)।** हरियाणा के हिसार जिले के गांव चूली बागड़यान की फुटबॉल टीम शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## टायर फटने से पलटी गाड़ी

जानकारी के अनुसार, खिलाड़ी सिरसा जिले के रानियां क्षेत्र के गांव हरिपुरा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टाटा मैजिक वाहन में रवाना हुए थे। फतेहाबाद जिले के गांव खाबड़ा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया। चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर खेत में पलट गई। हादसे के वक्त वाहन में कुल 19 खिलाड़ी सवार थे। गाड़ी पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।



## ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सभी खिलाड़ियों को तुरंत भट्टू सीएचसी ले जाया गया।

## 7 खिलाड़ियों को अग्रोहा रेफर

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बिल्लू, विजय, मुकेश, दिनेश, हिमांशु, क्षितिज और सुनील की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

अन्य 12 खिलाड़ियों – रोहताश, अमन, साबू, छोटू, आशीष, कुलदीप, अनुज, पंकज, भीम सिंह, राघव, विकास और ज्ञानेंद्र – को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी खिलाड़ियों की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

## गांव की मेहनती टीम, टूर्नामेंट से चूकी

गांव चूली बागड़यान में यह टीम नियमित अभ्यास करती है। गांव के युवाओं ने मिलकर टीम बनाई है और वरिष्ठ खिलाड़ी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। हादसे के कारण टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी।सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ियों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने ग्रुप-2 के टॉप पर फिनिश किया

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका (Q) | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (E) | 2 | 0 | 2 | 0 | -4.475 |

कोलंबो (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार रात को पाकिस्तान ने श्रीलंका पर 5 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन, टीम इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ टॉप-4 में जगह बनाई। जबकि, पाकिस्तान ने सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही। अपने तीनों सुपर-8 मैच जीतने वाला इंग्लैंड इस ग्रुप के टॉप पर रहा है। रविवार को शाम 7 बजे से भारत-वेस्टइंडीज में आखिरी सुपर-8 मैच खेला जाना है। इससे चौथी टीम तय होगी।

## वर्ल्डकप का समीकरण

**ग्रुप-1- एसए टॉप-4 में** - साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 चरण में लगातार दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे लगातार दो हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत के बाद भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास सुपर-8 में एक-एक जीत और एक-एक हार है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच 1 मार्च को शाम 7 बजे कोलकाता में होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

**ग्रुप-2- इंग्लैंड पहले, न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा** - ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इंग्लैंड ने सुपर-8 चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम ने सुपर-8 में एक मैच जीता, एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट 1.390 रहा। पाकिस्तान के भी तीन मैचों के बाद 3 अंक थे। टीम ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन उसका नेट रनरेट -0.123 रहा। इसी कारण बेहतर रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप-1 की शीर्ष टीम साउथ अफ्रीका से 4 मार्च को कोलकाता में होगा।

# हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

## भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया

होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी एक दिवसीय मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटिगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है।



### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

### भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं ; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं



**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** - ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, %सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई



कारण नहीं था।

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

### टीम

**गोलकीपर**- बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम

**डिफेंडर** - सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी

**मिडफील्डर** - नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग

**फारवर्ड** - नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू

# टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी। डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, %मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ... हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं। हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की।

# चौथी शादी करने जा रहे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा तेज है कि वह चौथी शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी होने वाली दुल्हन पाकिस्तानी टेलीविजन एक्ट्रेस वनीज़ा सत्तार हो सकती हैं। यहां तक कि कुछ मीडिया दावों में 27 फरवरी 2026 को निकाह की संभावित तारीख भी बताई जा रही है। हालांकि, अब तक न तो मलिक और न ही वनीज़ा ने इन खबरों की आधिकारिक पुष्टि की है। इन खबरों के सामने आते ही इंटरनेट पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स लगातार इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि फिलहाल यह केवल मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया अटकलों पर आधारित जानकारी है।

# सिर्फ बाबर आजम को जिम्मेदार ठहराना गलत : पुजारा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पूर्व कप्तान बाबर आज़म आलोचनाओं के केंद्र में हैं। हालांकि, पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ बाबर को बाहर बैठाकर 212/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, लेकिन चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि पूरी नाकामी का ठीकरा सिर्फ बाबर पर फोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजमेंट को बाबर के साथ साफ और ईमानदार बातचीत करनी चाहिए। पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि अगर बाबर टीम की भविष्य की योजनाओं में नहीं हैं, तो उन्हें यह स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए। उनके अनुसार, सिर्फ एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना गलत है, असफलता पूरी टीम की रही है।



पुजारा ने पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी मिडिल ऑर्डर को बताया। बाबर को इस टूर्नामेंट में मध्यक्रम की भूमिका दी गई, लेकिन वह उसमें प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। टीम का मध्यक्रम लगातार दबाव में दिखा, जिससे पाकिस्तान को अहम मैचों में नुकसान उठाना पड़ा। बाबर ने इस टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और 4 पारियों में 91 रन बनाए। उनका औसत 22.75 और स्ट्राइक रेट 112.34 रहा। उनकी सबसे बड़ी पारी 46 रन की रही, जो उन्होंने अमेरिका के खिलाफ खेली थी, जबकि भारत के खिलाफ वह सिंगल डिजिट में आउट हो गए थे।

पुजारा ने फखर ज़मान की जमकर सराहना की, जिन्होंने 42 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेली और साहिबज़ादा फरहान के साथ 176 रन की ओपनिंग साझेदारी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की असली ताकत निडर और आक्रामक क्रिकेट में है, और यही अंदाज उन्हें आगे भी अपनाना होगा। पाकिस्तान के लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स में खराब प्रदर्शन के बाद कई खिलाड़ियों पर गाज गिर सकती है। खबरें हैं कि कप्तान सलमान आगा समेत कई बड़े नामों की टीम में जगह खतरे में है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### मरीन ड्राइव पर मुठभेड़, शार्प शूटर को दौड़ाकर मारी गोली

**पटना (नि. सं.)।** पटना के मरीन ड्राइव पर अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसकी पहचान वैशाली के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। मौके पर टाउन डीएसपी, डीआईयू, और एसटीएफ मौजूद हैं। आरोपी को गोली लगने के बाद नजदीक के पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। मौके से पिस्टल मिली है। पुलिस की ओर से घटनास्थल को बैरिकेड कर दिया गया है और एफएसएल की टीम बुलाई गई है। अमित शार्प शूटर है। दरअसल 27 जनवरी 2025 को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए सुबोध सिंह गैंग के रोशन ततीया की हत्या करने आया था। इसी दौरान पुलिस को इसकी भनक लग गई और हत्या से पहले पीयूष पकड़ा गया जबकि अमित फरार हो गया। अमित ने जिस गैंग से सुपारी ली थी उसके बारे में पुलिस उसे पूछताछ कर रही है।

### कारोबारी से 2.25 करोड़ की ठगी

**पटना (नि. सं.)।** शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक कारोबारी से लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। साइबर पुलिस ने इस प्रकरण में एक अनोखी कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसी समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह खुद को पीड़ित बताकर फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने साइबर थाने पहुंचा था। आरोपी की पहचान दानापुर निवासी 21 वर्षीय विकास कुमार विपुल के रूप में हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि विकास ने 'इंडिया बोल्ट प्लस' समेत कई फर्जी निवेश ऐप तैयार कर रखे थे। वह सोशल मीडिया के जरिए लोगों से संपर्क करता और खुद को शेयर बाजार विशेषज्ञ बताकर कम समय में दोगुना-तीन गुना मुनाफा दिलाने का दावा करता था। पुलिस के अनुसार शुरुआत में वह छोटी रकम पर फर्जी मुनाफा दिखाकर विश्वास जीतता, फिर निवेशकों को बड़ी राशि लगाने के लिए प्रेरित करता। इसी क्रम में पटना के कारोबारी राजकिशोर कुमार सिंह को अपने जाल में फंसाया। पीड़ित ने 5 फरवरी को साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, डेढ़ महीने के भीतर 30 आरटीजीएस ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 2 करोड़ 25 लाख रुपये आरोपी के खातों में स्थानांतरित किए गए।

### होलिका दहन में अग्निशमन ने 445 जगहों को किया चिन्हित

**पटना (नि. सं.)।** होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट है। एहतियातन सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। पटना को 4 जोन में बांटकर 435 के करीब फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी तरह की चुनौती से निपटने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नोडल पदाधिकारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी रैंक के हैं। सारे क्षेत्र की रूट मैपिंग पहले से करके एक कनेक्टिविटी बनाई गई है। ताकि आपात स्थिति में 2 मिनट के भीतर घटनास्थल पर रिस्पांस किया जा सके। उन्होंने बताया कि गली मोहल्ले में लोगों को जागरुक भी किया गया है। मिक्सड टेक्नोलॉजी बाइक के जरिए एरिया डोमिनेशन भी किया जा रहा है।

महिला की शादी महज नौ महीने पहले मई 2025 में हुई थी

# गर्भवती महिला की हुई मौत, दहेज हत्या का आरोप, पति-ससुर फरार




**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान मचानी गांव निवासी सनोज कुमार की 24 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी के रूप में हुई है। महिला की शादी महज नौ महीने पहले मई 2025 में हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पति और ससुर घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। देव थाना क्षेत्र के सटवट गांव निवासी मृतका के पिता सत्येंद्र भगत ने आरोप लगाया कि शादी के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज और उपहार दिए गए थे। शादी के बाद प्रारंभ में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष की ओर से सोने के जेवरात और अन्य सामान की मांग को लेकर रिंकी को प्रताड़ित किया जाने लगा। पिता का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनकी मांगें पूरी नहीं की जा सकीं, जिसके बाद उनकी बेटी की हत्या कर दी गई।

परिजनों का आरोप है कि रिंकी की मौत की सूचना भी उन्हें सीधे नहीं दी गई। एक रिश्तेदार के माध्यम से जानकारी मिली, जिसके बाद वे ससुराल पहुंचे तो शव आंगन में पड़ा था। उस समय पति और ससुर घर पर नहीं थे। मृतका की मां पुष्पा देवी ने बताया कि उनकी बेटी को फोन पर खुलकर बात करने नहीं दिया जाता था। सास और गोतनी हमेशा उसके आसपास रहती थीं। बातचीत से प्रतीत होता था कि वह मानसिक रूप से परेशान है, लेकिन खुलकर कुछ कह नहीं पाती थी। सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मृतका के कमरे को सील कर दिया गया है और साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या या हत्या, दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## सड़क पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला, हालत गंभीर



**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**

थाना क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार स्थित नहर पुल के पास रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे एक मजदूर को कुचल दिया और फरार हो गया। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर टायर जलाकर जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों के अनुसार सिहाड़ी गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय मजदूर उमेश राम उर्फ लाली राम सुबह शौच के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे सिहाड़ी नहर पुल से नीचे उतरे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वाहन उनकी दोनों टांगों को कुचलते हुए भाग निकला। वाहन डंपर था या ट्रक, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल दाऊदनगर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क से गुजर रहे वाहनों को आड़े-तिरछे खड़ा कर सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर हसपुरा थाना के एसआई ओमप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के समुचित इलाज और सरकारी सहायता के साथ-साथ नहर पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की। प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त कराया गया। पर्व-त्योहार के समय सड़क जाम होने से दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## टिकरी रोड स्थित जलसा रिसॉर्ट में होली मिलन समारोह का आयोजन, बड़ी संख्या में लोगों ने की शिरकत



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले के टिकरी रोड स्थित जलसा रिसॉर्ट में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाया। समारोह का वातावरण रंगों और उत्साह से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और होली की बधाइयां साझा कीं।

प्रसिद्ध गायक निरंजन विद्यार्थी और उनकी टीम ने होली के पारंपरिक एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर लोग झूम उठे। कलाकारों की प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर सतीश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने होली के पर्व पर आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान सहित कई वार्ड प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## विद्युत कर्मियों का होली मिलन समारोह रंग-गुलाल के बीच दिया सुरक्षा संदेश



**औरंगाबाद(नि.सं.)।** होली महापर्व के अवसर पर विद्युत विभाग के कर्मियों ने शनिवार को बिजली कार्यालय परिसर में विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में अधिकारी और कर्मचारी एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। समारोह के दौरान पारंपरिक होली लोकगीतों पर कर्मी झूमते दिखे और आपसी सौहार्द के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि होलिका दहन बिजली के तारों और ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी पर ही किया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि पर्व की खुशियां सुरक्षा के साथ मनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता राहुल कुमार, शिव रतन लाल, डीबीए धीरज दुबे, राजस्व पदाधिकारी सर्वोत्तम कुमार सहित विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार, 25 लीटर महुआ बरामद

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पीरु गांव में छापेमारी कर एक महिला को 25 लीटर महुआ देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में उषा कुंवर के घर से महुआ शराब के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त गैस सिलिंडर, चूल्हा और तसला भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार होली पर्व को देखते हुए अवैध शराब कारोबारियों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह सफलता मिली है। गिरफ्तार महिला के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने संकेत दिया है कि त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जिला विधिज्ञ संघ चुनाव 12 मार्च को 27 पदों के लिए 66 प्रत्याशी मैदान में

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के 2026-28 सत्र के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। 27 सदस्यीय कार्यसमिति के सभी पदों पर इस बार कुल 66 प्रत्याशी मैदान में हैं। किसी भी पद पर कोई उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित नहीं हो सका है, जिससे हर पद पर कड़ा और रोमांचक मुकाबला तय माना जा रहा है। सबसे अधिक चर्चा अध्यक्ष और महासचिव पद को लेकर है। अध्यक्ष के एकल पद पर अरुण कुमार शर्मा, नागेंद्र सिंह और विजय कुमार पाण्डेय के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं महासचिव पद पर सर्वाधिक आठ उम्मीदवार अखिलेश कुमार, जगनरायण सिंह, नीरज कुमार सिंह उर्फ मंटू, परशुराम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राम औतार कुमार यादव, विजय कुमार सिंह और सतीश कुमार सिंह चुनाव मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष के एकल पद पर भी छह प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है। तीन सदस्यीय उपाध्यक्ष पद के लिए सात, तीन सदस्यीय संयुक्त सचिव पद के लिए नौ तथा तीन सदस्यीय सहायक सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पांच सदस्यीय वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वाधिक 12 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि सात सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर 11 उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष, निगरानी समिति सदस्य और अंकेक्षक पदों पर भी सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम प्रसाद सिंह और अभय कुमार ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

12 मार्च को संघ परिसर में बनाए गए तीन मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। कुल 846 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर नई कार्यसमिति का चयन करेंगे। मतगणना 13 मार्च से प्रारंभ होगी। चुनावी मैदान में उतरे पूर्व पदाधिकारी अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाकर समर्थन मांग रहे हैं। वे संघ के विकास, अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और न्यायिक व्यवस्था में बेहतर समन्वय को प्राथमिकता बता रहे हैं।

## वस्तु वितरक संघ का होली मिलन समारोह 80 एजेंसी मालिकों ने की शिरकत

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद वस्तु वितरक संघ द्वारा एसपीजी होटल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की लगभग 80 एजेंसियों के मालिकों ने भाग लिया। वर्ष 2001 में स्थापित यह संस्था 25 वर्ष पुरानी है और इसमें देश की नामी कंपनियों के एजेंसी मालिक सदस्य के रूप में जुड़े हैं। संघ का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी कंपनी की एजेंसी बिना पूर्व वितरक की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के नए वितरक को न दी जाए। संघ का नियम है कि जब तक पुराना डीलर एनओसी नहीं देता, तब तक नए डीलर को कार्यभार नहीं सौंपा जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित पर संघ की ओर से प्रतिबंध और दंडात्मक कार्रवाई भी की जाती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सरस्वती आराध्य समिति के संरक्षक पंकज वर्मा, एफएमसीजी गुड्स के अध्यक्ष राजकुमार लहेरी, सचिव राजू गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गुप्ता, कार्यकारी सचिव संतोष कुमार गुड्डू, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, उप-कोषाध्यक्ष चंदन कुमार सहित संघ के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे मिलजुल कर मनाना चाहिए। वहीं चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने मुख्य अतिथि के समक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स के लिए एक स्वतंत्र भवन की मांग रखी, ताकि व्यापारियों की बैठकें अपने कार्यालय में आयोजित की जा सकें। कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की कामना की। समारोह का संचालन उपभोक्ता वस्तु वितरक संघ के संयोजक संतोष कुमार ने किया।

## बड़ी कार्रवाई, 397 लीटर से अधिक शराब जब्त

**निज संवाददाता | टंडवा (औरंगाबाद)**

गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान एक चार चक्का वाहन पर लदी कुल 270.5 लीटर देशी शराब तथा 126.625 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि यह कार्रवाई टंडवा थाना की टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से की गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा और तलाशी के दौरान शराब की खेप बरामद हुई। मामले में संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और किस स्थान पर पहुंचाई जानी थी। होली पर्व को देखते हुए जिले में अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है।

## शहीद जगतपति कुमार का पैतृक घर जर्जर ग्रामीणों में आक्रोश, स्मारक बनाने की मांग

- स्मारक बनने से आने वाली पीढ़ियों को शहीद के बलिदान से प्रेरणा मिलेगी।
- समय पर कार्रवाई नहीं होने पर जनआंदोलन की चेतावनी।
- जर्जर दीवारें, टूटी छत और वीरान आंगन उपेक्षा की कहानी बयान कर रहे हैं।



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जगतपति कुमार का पैतृक घर आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। ओबरा प्रखंड के खराँटी गांव स्थित यह घर जर्जर दीवारों, टूटी छत और वीरान आंगन के साथ उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस वीर सपूत ने राष्ट्र के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया, उसके पैतृक घर की यह दुर्दशा प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है। गांव के पूर्व सैनिक नंदलाल पांडेय, धीरज दुबे, जितेंद्र सिंह, संतोष पासवान और मुरारी कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि शहीद के पैतृक घर का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जाए और उसे एक स्मारक के रूप में विकसित किया जाए। उनका कहना है कि यदि इस स्थल को संरक्षित कर स्मारक बनाया जाता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और शहीद के बलिदान को स्थायी सम्मान मिलेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो वे जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे। गांव में इस मुद्दे को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं और लोग प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ पहल करने की अपेक्षा कर रहे हैं।

## मिलन आनंद एकेडमी का 5वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**



पीली कोठी, जम्होर स्थित मिलन आनंद एकेडमी में विद्यालय का 5वां वार्षिकोत्सव बड़े ही उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे समारोह का वातावरण उल्लासमय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षाविद् अवधेश मेहता, शिबू कुमार राम, रविकांत कुमार, शिक्षक संजीत कुमार तथा विद्यालय के डायरेक्टर नीतीश कुमार कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं डायरी भेंट कर सम्मान किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति, सामाजिक संदेश और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को भावविभोर कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास, मंच संचालन कौशल और सामूहिक समन्वय की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर शिक्षक संजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के संस्कार, अनुशासन और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुरेश विद्यार्थी ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि प्रधानाचार्या गणेश बसंती ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति और बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने समारोह में चार चांद लगा दिए। पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह ने यह स्पष्ट कर दिया कि विद्यालय शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## भाकपा माले का 14वां प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का हुआ संपन्न



**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन का 14वां प्रखंड स्तरीय सम्मेलन रविवार को पचरुखिया बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन की देखरेख पार्टी के नगर सचिव एवं निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष बिरजू चौधरी ने की। सम्मेलन का उद्घाटन जिला सचिव मुनारिक राम ने किया। कार्यक्रम देर शाम तक चला। सम्मेलन संचालन के लिए पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया, जिसमें पूर्व प्रखंड सचिव दिनेश राम, हसपुरा प्रभारी कामता प्रसाद यादव, किसान महासभा के जिला सचिव कृष्णा भारती, रुना देवी और रामप्रवेश मेहता शामिल रहे। सम्मेलन में अतिथि के रूप में दाऊदनगर प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संघ की जिला सचिव अलकारी देवी, गोह प्रखंड सचिव देवरुल पासवान तथा रिवोल्यूशनरी यूथ एसोसिएशन के जिला सचिव गुड्डू चंद्रवंशी उपस्थित रहे। दस्तावेजी बहस में सदुल्लाह खान, हृदया सिंह, सुरेश यादव, जितेंद्र चौधरी, रामपुकार राम, बसंत मेहता और राम अयोध्या पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

## 'मेरा युवा भारत' द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



'मेरा युवा भारत' औरंगाबाद के तत्वाधान में शहर के एक निजी शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना" रही, जिसके माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और योगदान को रेखांकित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा वर्ष 1928 में की गई 'रमन प्रभाव' की ऐतिहासिक खोज के सम्मान में मनाया जाता है। इसी उपलब्धि के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना तथा अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिंह थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक विनोद कुमार, आशीष कुमार एवं अनिल सिंह उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान की केंद्रीय भूमिका है और इसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नवाचार, अनुसंधान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल तकनीक एवं स्वास्थ्य विज्ञान से जुड़े विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम में नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, कंचन प्रभा, पूनम कुमारी, आरती कुमारी, राजेश कुमार, सात कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।